कोटद्वार, शुक्रवार
27 फरवरी 2026
वर्षः 48
अंकः 273 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### लीवइन में रहने वाली महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में लीव इन रिलेशनशिप में रह रही एक महिला ने फांसी पर लटकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची लीवइन में रहने वाली महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या कनखल क्षेत्र में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही एक महिला ने फांसी पर लटकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है।

### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी दोषी करार, दस साल के कठोर कारावास की सजा

विकासनगर। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट नंदन सिंह की अदालत ने एनडीपीएस के मामले में एक आरोपी को दोषी करार दिया है। उसे दस साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके साथ उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। जिला शासकीय अधिवक्ता नरेश बहुगुणा ने बताया कि आरोपी निजामुद्दीन निवासी लक्ष्मीपुर चानचक को 17 दिसंबर 2014 को सहसपुर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिफ्तार किया था। तलाशी में उसके कब्जे से लगभग 22 किलो 500 ग्राम डोडा और एक किलो 40 ग्राम चरस बरामद की गई थी। उसे वह प्लास्टिक के कट्टों में भरकर ले जा रहा था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल 10 गवाह पेश किए। इनमें से से छह की गवाही को अदालत ने विश्वसनीय माना। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने निजामुद्दीन को दोषी करार दिया। अदालत ने उसे 10 वर्ष का कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### परशुराम चौक पर नशे में धुत युवकों के दो गुटों में विवाद, चले लाठी–डंडे

ऋषिकेश। ऋषिकेश में परशुराम चौक पर दिनदहाड़े मारपीट की घटना से अफरा तफरी मच गई। नशे में धुत युवकों के दो गुटों के बीच विवाद हो गया और इस दौरान जमकर लाठी–डंडे और पत्थर चले। हिंसक झड़प में दो युवक और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी के सी भट्ट ने बताया की दोनों पक्ष मे मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। घटना दोपहर करीब तीन बजे की है। युवकों के बीच मारपीट हुई। झड़प में दो युवक और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राजकीय उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से एक गंभीर घायल को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। अन्य दो का उपचार उपजिला चिकित्सालय में जारी है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, परशुराम चौक स्थित एक जूस की दुकान पर खुलेआम शराब पी जा रही थी। बताया गया कि दुकान में बैठे युवक ने बाहर खड़ी एक स्कूटी को लात मारकर गिरा दिया। इसी बात पर दोनों पक्षों में गाली–गलौच और हाथापाई शुरू हो गई। आरोप है कि इसी दौरान दुकान में बैठे युवक ने नारियल छिलने वाले चापड़ से हमला कर दिया, जिससे एक युवक के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं।

### ब्रेक फेल होने पर कार टकराई, पुलिस और होमगार्ड कर्मी बाल–बाल बचे

चमोली। गैरसैंण की ओर से आती एक तेज रफ्तार कार का ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित कार पुलिस चौकी से टकरा गई। इस दौरान चौकी के बाहर खड़े पुलिस और होमगार्ड कर्मी बाल–बाल बच गए। बृहस्पतिवार को एक कार नैनीताल से गैरसैंण होते हुए कर्णप्रयाग की ओर आ रही थी। बेकाबू कार पहले तहसील के एक वाहन से टकराई फिर सोलर लाइट के खंभे को तोड़ने के बाद पुलिस चौकी से जा टकराई। कार में हिमाचल प्रदेश के पांच लोग बैठे हुए थे। घटना के दौरान चौकी के बाहर होमगार्ड व पुलिस कर्मी खड़े थे जो बाल–बाल बचे।

# नयार वैली फेस्टिवल पर्यटन, परंपरा और विकास का ऐतिहासिक संगम : धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया नयार वैली फेस्टिवल का उद्घाटन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जनपद पौड़ी गढ़वाल के बिलखेत में आयोजित नयार वैली फेस्टिवल का शुभारंभ किया। इस महोत्सव के शुभारंभ के साथ ही नयार घाटी की पर्यटन, संस्कृति एवं साहसिक गतिविधियों की अपार संभावनाओं को नई पहचान मिलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नयार घाटी सहित जनपद पौड़ी गढ़वाल का यह संपूर्ण क्षेत्र अपनी मनमोहक प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और साहसिक संभावनाओं के कारण अत्यंत अद्वितीय है। प्रकृति ने इस क्षेत्र को सौंदर्य और रोमांच का अनुपम संगम प्रदान किया है, जिससे यह साहसिक पर्यटन और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए आदर्श स्थल बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार सकारात्मक रूप से कार्य करेगी, ताकि स्थानीय युवाओं



नयार वैली फेस्टिवल में लाभार्थी को महालक्ष्मी किट देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।



नयार वैली फेस्टिवल में जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

को अपने ही क्षेत्र में आगे बढ़ने और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भी है, जिससे प्रत्येक नागरिक विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। श्रीनगर में 650 करोड़ रुपये की लागत से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का निर्माण प्रगति पर है, जबकि खोह नदी को प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए 135 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा रहा है। पौड़ी के गड़िया गांव में प्रदेश की पहली एनसीसी अकादमी का निर्माण, कोटद्वार में 11 करोड़ की लागत से सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट और मालन नदी पर पुल निर्माण कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पौड़ी के ऐतिहासिक कलेक्ट्रेट भवन को हेरिटेज के रूप में संरक्षित किया जा रहा है तथा सतपुली में सिंचाई निरीक्षण भवन का निर्माण किया जा रहा है।

कहा कि कोटद्वार में खेल सुविधाओं के विस्तार, 50 बेड वाले आधुनिक चिकित्सालय के निर्माण, सीडीएस पार्क में विशाल तिरंगा, विज्ञान संग्रहालय, ट्राइडेंट पार्क, सतपुली झील, 20 करोड़ की लागत से माउंटेन म्यूजियम एवं तारामंडल जैसी परियोजनाएं भविष्य में पर्यटन और रोजगार के नए अवसर सृजित करेंगी। इस अवसर पर उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पं. राजेद्र अणथ्वाल, जिला पंचायत अध्यक्षा रचना बुटोला, ब्लॉक प्रमुख कल्जीखाल गीता देवी, प्रमुख द्वारीखाल बीना राणा, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र राणा, जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### नयारघाटी में होगी पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नयार घाटी में पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करने, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विकासखंड पोखड़ा में रसलवाँण दीवा मंदिर स्थलीय कार्य, विकासखंड बीरोंखाल में कालिंका मंदिर स्थलीय कार्य, विकासखंड एकेश्वर में एकेश्वर महादेव मंदिर स्थलीय कार्य, विकासखंड पाबौ में चम्पेश्वर महादेव मंदिर से जुड़े विकास कार्यों की घोषणा की।

### सीएम ने एडवेंचर गतिविधियों का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की लाभार्थी करिश्मा और सलोनी को महालक्ष्मी किट प्रदान की, योगिता की गोदभराई की रस्म संपन्न कराई तथा समाज कल्याण विभाग के लाभार्थियों तुलसीदास एवं बीरेन्द्र को दिव्यांग उपकरण भी वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पैराग्लाइडिंग, पैरामोटरिंग, हॉट एयर बैलून, कयाकिंग, एंगलिंग, जिपलाइन, बर्मा ब्रिज, रिवर्स बंजी सहित विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का फ्लैग ऑफ कर औपचारिक शुभारंभ किया।

### पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगी नयारघाटी

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य सरकार, उत्तराखंड को देश-विदेश में प्रमुख पर्यटन एवं एडवेंचर डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है और नयार वैली फेस्टिवल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह एक आयोजन नहीं, बल्कि नयार घाटी की अपार प्राकृतिक सुंदरता, हमारी समृद्ध संस्कृति और साहसिक पर्यटन की असीम संभावनाओं का सशक्त परिचय है। इस महोत्सव के माध्यम से पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग, कयाकिंग, हॉट एयर बैलून जैसी गतिविधियां युवाओं को नए अवसर प्रदान करेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के द्वार खोलेंगी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से नयार घाटी आने वाले समय में देश-दुनिया के पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगी और विकास, रोजगार तथा सांस्कृतिक पहचान का नया अध्याय लिखेगी।

## सीबीआई को बड़ी सफलता, वांटेड अपराधी अनिल कुमार रेड्डी का यूएई से प्रत्यर्पण

नई दिल्ली ,केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की मदद से वांटेड अपराधी के अनिल कुमार रेड्डी को यूएई से गिरफ्तार करके भारत लाया गया है। वह कई मामलों में धोखाधड़ी, आपराधिक न्यासभंग और आपराधिक धमकी के आरोपों में वांछित था। सीबीआई ने इसकी जानकारी दी। सीबीआई ने इंटरपोल चैनलों के जरिए यूएई से वांछित भगोड़े अनिल कुमार रेड्डी येद्दुला की भारत वापसी का समन्वय किया। भगोड़े अनिल के खिलाफ सीबीआई की इंटरनेशनल पुलिस कोऑपरेशन यूनिट (आईपीयूसी) ने विदेश मंत्रालय (एमईए) और एनसीबी–अबू धाबी के सहयोग से रेड नोटिस जारी कराया था। सीबीआई ने आंध्र प्रदेश पुलिस के अनुरोध पर 5 सितंबर 2022 को इस मामले में इंटरपोल के माध्यम से यह रेड नोटिस जारी कराया था। इसके बाद यूएई के अधिकारियों ने भगोड़े अनिल को गिरफ्तार कर लिया और फिर उसे भारतीय एजेंसी को सौंपने का फैसला लिया गया। गुरुवार को अनिल कुमार रेड्डी को दुबई पुलिस की एक टीम एस्कॉर्ट करके दुबई से



हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ले आई। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद एयरपोर्ट पर उसे आंध्र प्रदेश की पुलिस टीम को सौंप दिया गया। पिछले महीने भारत में सीबीआई ने एनसीबी–कुआलालंपुर के साथ मिलकर एक अहम अंतरराष्ट्रीय ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इंटरपोल के कोऑपरेशन सिस्टम के तहत तीन रेड नोटिसधारी व्यक्तियों श्रीधरन सुब्रमण्यम, प्रतीफकुमार सेल्वराज और नवींद्रन राज कुमारसन को भारत से मलेशिया डिपोर्ट किया गया। मलेशियाई अधिकारियों के मुताबिक, ये तीनों व्यक्ति संगठित आपराधिक गतिविधियों से जुड़े गंभीर मामलों में वांछित थे। आरोप है कि इन अपराधों का उद्देश्य अवैध रूप से आर्थिक लाभ, शक्ति या प्रभाव हासिल करना था। एनसीबीझ्रकुआलालंपुर ने बताया कि जब ये लोग यूनाइटेड किंगडम से भारत पहुंचे, तो मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने रेड नोटिस के आधार पर उन्हें भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं दी। इसके बाद, मलेशियाई अधिकारियों ने आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए इन व्यक्तियों को मलेशिया भेजने में सहयोग के उद्देश्य से एनसीबी–नई दिल्ली से औपचारिक अनुरोध किया। इस अनुरोध के तहत रॉयल मलेशिया पुलिस की एक एस्कॉर्ट टीम 25 जनवरी को मुंबई पहुंची। एनसीबीझ्रनई दिल्ली और अन्य संबंधित भारतीय एजेंसियों के समन्वय और सहयोग से पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा किया गया और तीनों वांछित व्यक्तियों को सुरक्षित तरीके से मलेशिया भेज दिया गया।

### डीजीसीए ने एयरलाइन टिकट रिफंड नियमों में किया बदलाव

नई दिल्ली ,विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन टिकट रिफंड नियमों में संशोधन किया है। अब यात्री हवाई टिकट बुकिंग के 48 घंटे के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकट रद्द या बदल सकते हैं, बशर्ते कुछ शर्तें पूरी हों। डीजीसीए ने यात्रियों के अनुकूल संशोधित नियम जारी किए हैं। इसके तहत एयरलाइन को यह सुनिश्चित करना होगा कि यदि यात्री टिकट बुकिंग के 24 घंटे के भीतर अपने नाम में कोई गलती दिखाए और टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट से बुक किया गया हो, तो इसका कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। डीजीसीए ने कहा, यदि टिकट ट्रैवल एजेंट या पोर्टल के माध्यम से खरीदी गई है, तो रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइन की होगी क्योंकि एजेंट उनके नियुक्त प्रतिनिधि हैं। एयरलाइन यह सुनिश्चित करें कि रिफंड प्रक्रिया 14 कार्यदिवसों के भीतर पूरी हो। इसके अलावा, यात्री या उसके परिवार के किसी सदस्य की चिकित्सा आपात स्थिति के कारण टिकट रद्द करने की शर्तों में भी बदलाव किए गए हैं। यह संशोधन इसलिए किया गया है, क्योंकि पिछले समय में यात्रियों की शिकायतें बढ़ रही थीं कि उन्हें समय पर रिफंड नहीं मिल रहा।

## सीमांचल में घुसपैठ बर्दाश्त नहीं, 10 किमी दायरे में अवैध ढांचे हटेंगे-अमित शाह

अररिया ,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि हम एक–एक घुसपैठिए को भारत की भूमि से चुन–चुन कर बाहर कर देंगे। उन्होंने कहा कि यह कोई चुनावी वादा नहीं है, यह केंद्र की मोदी सरकार का संकल्प है। अब यह सिर्फ वादा नहीं है, हम जल्द ही ऐसा करने जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के अररिया में बॉर्डर आउट पोस्ट 'लेटीझ् व 'इंदरवाझ् के उद्घाटन और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के विभिन्न कार्यों के ई–लोकार्पण, ई–शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत–नेपाल सीमा सड़क योजना के तहत 556 किलोमीटर बॉर्डर रोड को भी स्वीकृत किया गया है। इसमें 18 खंडों में से 14 खंडों में कार्य पूर्ण किया जा चुका है। चार खंडों में भी कार्य तेज गति से किया जा रहा है। वह भी जल्द पूरा हो जाएगा। इसके पूर्ण हो जाने से जहां निगरानी की क्षमता बढ़ेगी, वहीं नागरिकों की सुविधाएं भी बढ़ जाएंगी। विकास के कार्यक्रम अंतिम सीमा तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने एसएसबी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये



सीमा की सुरक्षा का जिम्मा उठा रहे हैं। यह सही है कि हम एक मित्र देश के साथ लगी सीमा की सुरक्षा कर रहे हैं, उस देश के साथ जिसके हमारे देश के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि यह भी जरूरी है कि हमारे देश के दुश्मन और देश को नुकसान पहुंचाने वाले तत्व उस रास्ते का उपयोग कर देश में प्रवेश न करें। इसलिए सशस्त्र सीमा बल को अपनी नजर भी पैनी रखनी पड़ेगी और अपने सूचना के स्त्रोतों को भी बहुत मजबूत रखना आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि सीमांत गांवों के अंदर जवानों और अधिकारियों के साथ संवाद और संपर्क भी अच्छे स्तर पर हों। तभी हमें गांवों से सही सूचना मिल सकती है। अमित शाह ने कहा कि सीमा के 10 किलोमीटर के अंदर जितने अवैध अतिक्रमण हैं, उन सभी अतिक्रमणों को इस अभियान के अंतर्गत ध्वस्त किया जाएगा और घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें भारत से बाहर भेजने का कार्य भी शुरू किया जाएगा। जनसांख्यिकीय परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र बंगाल, झारखंड और बिहार हैं। बंगाल में अभी चुनाव है और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार वहां भाजपा की सरकार बनने वाली है। वहां सरकार का पहला एजेंडा सीमा पर बाड़ का काम समाप्त करना और एक–एक घुसपैठिए को बाहर करना होगा। उन्होंने कहा कि आमतौर पर नेताओं के वादे जनता को याद कराने पड़ते हैं, लेकिन आज मैं सीमांचल की जनता को अपना वादा याद दिलाना चाहता हूं, क्योंकि मुझे सीमांचल की जनता का सहयोग चाहिए।

### एनसीईआरटी की किताब में न्यायपालिका विरोधी कंटेंट पर एससी सख्त

## सीजेआई बोले– यह एक साजिश, किताबें वापस लेने के निर्देश

नई दिल्ली , एनसीईआरटी की कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़े आपत्तिजनक उल्लेखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने इसे न्यायपालिका को बदनाम करने की सोची–समझी साजिश करार दिया और बाजार से किताब को वापस लेने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जांच की बात कही है और इससे एक दिन पहले ही किताब के खास चैप्टर पर आपत्ति जताई थी। कोर्ट ने कहा था कि अदालत को बदनाम नहीं करने दिया जाएगा, हालांकि कोर्ट की आपत्ति के बाद एनसीईआरटी ने किताब फिर लिखने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट में एनसीईआरटी की तरफ से पेश



सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस सुओ मोटो केस में हम माफी मांगते हैं। इस पर सीजेआई ने कहा कि मीडिया में हमारे दोस्तों ने यह नोटिस भेजा और इसमें माफी का एक शब्द नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह हमारी संस्थागत जिम्मेदारी है कि हम यह पता लगाएं कि यह किताब में प्रकाशित हुआ था या नहीं। रजिस्ट्रार जनरल को भेजे गए संदेश में संबंधित विभाग इसका बचाव कर रहा था। यह एक गहरी साजिश थी।

सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि चैप्टर तैयार करने वाले दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वे कभी यूजीसी या किसी मंत्रालय के साथ काम नहीं कर सकेंगे। इसके बाद सीजेआई ने कहा, 'यह तो बहुत आसान होगा और वो बच निकलेंगे। उन्होंने गोली चलाई और न्यायपालिका का खून बह रहा है। तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि 32 कॉपी जो बाजार में गई थीं, उन्हें वापस ले लिया गया है और पूरी पुस्तक की समीक्षा की जाएगी।

इस पर सीजेआई ने टिप्पणी की कि केवल दो लोगों पर कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है। यह बहुत आसान होगा और वे बच निकलेंगे। यह पूरी न्यायपालिका को बदनाम करने की चाल है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या पुस्तक की कॉपियां अभी बाजार या ऑनलाइन उपलब्ध हैं। उसे भी जल्द वापस लिया जाए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ के सामने सीनियर वकील कपिल सिब्बल और डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने यह मुद्दा उठाया। सिब्बल ने कहा कि कक्षा 8 के बच्चों को जुडिशरी में करप्शन के बारे में पढ़ाया जाना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि संस्था के सदस्य होने के नाते वे इससे परेशान हैं।

### महिला से सामूहिक दुष्कर्म के दो और आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर। महिला से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में महिला का देवर भी शामिल है। गुरुवार को तीन आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, वहीं एक आरोपी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। गुरुवार को एसएसपी अजय गणपति ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 23 फरवरी को रुद्रपुर निवासी एक महिला ने तहरीर देकर बताया था कि वह 22 फरवरी की रात अपने देवर के साथ गांधी पार्क में लगे सरस मेले में गई थी। लौटने पर उसका देवर करन उसे पैदल–पैदल किच्छा बाईपास स्थित मैदान ले गया। वहां पर वह पहले से मौजूद राजा रस्तोगी, विशाल और अभय सक्सेना उर्फ चाइना से मिला। इसके बाद अभय उसके देवर करन और उसे मोटरसाइकिल से लेकर ठंडी सड़क पर 15 एकड़ मैदान पर ले गया। वहां पर पीछे–पीछे विशाल और राजा भी आ गए।

## शादी के बंधन में बंधे विजय देवरकोंडा–रश्मिका मंदाना

नई दिल्ली , साउथ सिनेमा के चर्चित सितारे विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना आखिरकार शादी के बंधन में बंध गए। 26 फरवरी को दोनों ने उदयपुर में पारंपरिक तेलुगु रीति–रिवाजों के साथ विवाह रचाया। शाम को कोडवा परंपराओं के अनुसार दूसरी रस्में भी संपन्न होने की जानकारी सामने आई है।

**शाही अंदाज में हुई शादी**

शादी समारोह उदयपुर के भव्य होटल में आयोजित किया गया। सोशल मीडिया पर वेन्यू के बाहर के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें शादी में शामिल मेहमान पैपराजी को मिठाइयां बांटते नजर आ रहे हैं। फैंस अब कपल की पहली आधिकारिक वेडिंग तस्वीर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

4 मार्च को होगा ग्रैंड रिसेप्शन

शादी के बाद 4 मार्च को हैदराबाद में एक भव्य रिसेप्शन आयोजित किया



जाएगा, जिसमें फिल्म इंडस्ट्री की कई बड़ी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका को कोरियन पॉप कल्चर पसंद होने के कारण वेडिंग फेस्टिविटीज की शुरुआत के–ड्रामा थीम के साथ हुई। बताया जा रहा है कि विजय ने उनके लिए कोरियन सिंगर क्रस्ड्ढ के मशहूर गाने पर डांस भी किया। मेहमानों के लिए एक खास अंताक्षरी सेशन रखा गया, जिसमें नियम था कि सिर्फ विजय और रश्मिका की फिल्मों के गाने ही गाए जाएंगे।

## डोनाल्ड ट्रंप को कोर्ट से बड़ा झटका, थर्ड कंट्री डिपोर्टेशन नीति अवैध करार

वाशिंगटन , अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक और कानूनी झटका लगा है। टैरिफ को अवैध ठहराए जाने के बाद अब एक फेडरल कोर्ट ने उनकी 'थर्ड कंट्रीझ् डिपोर्टेशन नीति को भी गैरकानूनी करार देते हुए रद्द करने का आदेश दिया है। यह फैसला बुधवार को सुनाया गया। फेडरल जज के इस फैसले से ट्रंप प्रशासन में हलचल मच गई है। मामला पहले ही देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच चुका है और अब अंतिम निर्णय द्वारा किया जाएगा। मैसाचुसेट्स के यूएस डिस्ट्रिक्ट जज ने अपने आदेश पर 15 दिनों की रोक लगाने पर सहमति दी है, ताकि सरकार को अपील करने का समय मिल सके। जज ने यह भी उल्लेख किया कि पिछले वर्ष सुप्रीम कोर्ट ने



प्रशासन के पक्ष में फैसला दिया था, जिससे उनके पूर्व आदेश पर रोक लग गई थी और युद्धग्रस्त दक्षिण सूडान भेजी जा रही एक उड़ान को अनुमति मिल गई थी। जज मर्फी ने कहा कि होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (ष्ठ॥स्) की नीति के तहत प्रवासियों को किसी तीसरे देश में भेजने से पहले अर्थपूर्ण नोटिस और आपत्ति दर्ज कराने का अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने टिप्पणी की कि मौजूदा नीति वैध कानूनी चुनौतियों को समाप्त कर देती है, क्योंकि निर्वासन की प्रक्रिया आपत्ति दर्ज करने से पहले ही लागू कर दी जाती है। उन्होंने कहा, ये हमारे कानून हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लेने की सौभाग्यशाली स्थिति के प्रति कृतज्ञता के साथ यह अदालत इस मूल सिद्धांत की पुष्टि करती है कि किसी भी व्यक्ति को विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के बिना जीवन, स्वतंत्रता या संपत्ति से वंचित नहीं किया जा सकता।

### युवक की करंट लगने से मौत

हरिद्वार। सिडकुल क्षेत्र में घर के अंदर कपड़े प्रेस कर रहे 17 वर्षीय किशोर की अचानक करंट लगने से मौत हो गई। परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में पोस्टमार्टम को लेकर परिजन और भीम आर्मी से जुड़े लोगों ने विरोध जताया, जिससे कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बुधवार रात मेट्रो अस्पताल में प्रिंस (17 वर्ष) पुत्र बिनारसी दास निवासी रावली महदूद थाना सिडकुल को अचेत अवस्था में लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस में जानकारी जुटाई तो पता चला कि प्रिंस घर में कपड़ों पर प्रेस कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसे तेज करंट लगा। परिवार के लोग तुरंत उसे लेकर मेट्रो अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर के बाहर परिजन और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पोस्टमार्टम कराने को लेकर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई और शव बिना पोस्टमार्टम सौंपने की मांग करने लगे।

## बाघ ने बनाया महिला को निवाला, दहशत में लोग

हल्द्वानी : कठघरिया क्षेत्र से सटे पनियाली गांव में बुधवार सुबह बाघ के हमले में 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला जंगल में घास लेने गई थी, तभी घात लगाए बैठे बाघ ने पीछे से हमला कर उन्हें जंगल की ओर घसीट लिया। वन विभाग और ग्रामीणों को दो किमी जंगल में महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। 13 दिन के भीतर फतेहपुर वन रेंज में बाघ के हमले में दूसरी मौत से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने महिला का शव घर के पास रखकर प्रदर्शन किया। रात आठ बजे तक शव को नहीं उठने दिया गया। जानकारी के अनुसार पनियाली निवासी कमला देवी पत्नी इंदर सिंह फत्र्याल सुबह करीब आठ बजे मवेशियों के लिए घास काटने घर के करीब जंगल अकेले गई थीं। दोपहर एक बजे तक घर नहीं लौटने पर ग्रामीणों ने उनकी खोजबीन शुरू की। ग्राम प्रधान कपिल देवका ने बताया कि जंगल में कुछ दूरी पर महिला का मंगलसूत्र, चप्पल और साड़ी मिली, जिससे अनहोनी की आशंका गहरा गई। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची और खोजबीन के बाद जंगल में करीब दो किमी भीतर



कमला देवी का शव बरामद किया गया। बाघ कमला देवी का एक पांव और शरीर का पिछला हिस्सा खा चुका था। ग्रामीणों के अनुसार कमला देवी वर्ष 2003 से गांव में अकेली रह रही थीं और दो मवेशियों के सहारे जीवन यापन कर रही थीं। उनकी विवाहित बेटी भावना बिष्ट सुशीला तिवारी अस्पताल में कार्यरत हैं। रामनगर वन प्रभाग के डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया ने बताया कि फतेहपुर रेंज की तलिया बीट के काठगोदाम सेक्शन में महिला का शव बरामद हुआ है। बाघ के मूवमेंट और अन्य साक्ष्य जुटाये जा रहे हैं। घटनास्थल के आसपास कैमरे और पिंजरे लगाकर हमलावर हुए बाघ को पकड़ा जाएगा। पूरे क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। (एजेंसी)

## सम्पादकीय

# चारधाम यात्रा की तैयारियां

उत्तराखंड सरकार विचारधारा यात्रा की तैयारी शुरू कर दी है जिसे लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक में इस बार की यात्रा सीजन के लिए विचार मंथन किया गया, जिसमें अधिकारियों को सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ–साथ आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया गया है। इस बार जिस प्रकार से सर्दियों का असर कम देखने को मिला है उससे संभावनाएं बढ़ गई है की चार धाम यात्रा का यह सीजन काफी अच्छा जाने वाला है। पिछले साल भी उत्तराखंड में रिकॉर्ड श्रद्धालु चार धाम यात्रा के लिए आए थे जिसमें सबसे अधिक संख्या केदारनाथ धाम एवं बद्रीनाथ में देखने को मिली। उत्तराखंड के लिए चार धाम यात्रा एक बेहतर महत्वपूर्ण आयोजन है और राज्य सरकार के लिए न केवल चार धाम यात्रा को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं करनी पड़ती है तो वही अगले वर्ष हरिद्वार में होने वाले महाकुंभ की चुनौती भी सामने है। हालांकि इन दोनों आयोजनों के लिए राज्य सरकार ने मजबूत रोड मैप में तैयार किया है और एक बड़ा सरकारी अमला इन दिनों आयोजनों को सफल बनाने के लिए मुस्तैद रहेगा। खास तौर से आपदा प्रबंधन टीम के लिए यह वर्ष भी चुनौतियों से भरा रहने वाला है क्योंकि चार धाम यात्रा की परिस्थितियों अन्य धार्मिक आयोजनों से कहीं अलग है, यह मैं प्राकृतिक आपदा एवं दुर्घटनाएं प्रमुख हैं। खासतौर से श्रद्धालुओं की संख्या और पहाड़ी मार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं को अभी से नियंत्रित करना होगा। राज्य सरकार ने इस बार यात्रियों की संख्या की सीमित सीमा को समाप्त कर दिया है लेकिन पंजीकरण अभी भी करना जरूरी होगा ताकि प्रत्येक यात्री का शत प्रतिशत आंकड़ा सरकार के पास उपलब्ध रहे। एक दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर है जिसमें खास तौर पर बुजुर्गों की स्वास्थ्य परेशानियों को ध्यान में रखना जरूरी होगा। हालांकि स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक वर्ष चार धाम आयोजन के लिए अलग से स्वास्थ्य टीमों का गठन करता है जो कि उंचाई वाले क्षेत्रों में जीवन रक्षक सुविधाओं के साथ तैनात रहता है। बावजूद इसके पिछले कुछ वर्षों में अधिक उम्र के लोगों के साथ स्वास्थ्य परेशानियां देखने को मिली है जिनमें कुछ श्रद्धालुओं को अपनी जान भी गंवानी पड़ी है। यात्रा मार्ग पर ट्रैफिक तथा पार्किंग एक बड़ी समस्या है और पीक सीजन के दौरान अक्सर यात्रियों को परेशानियों से जूझते हुए देखा गया है। तमाम प्रयासों के बावजूद पार्किंग और ट्रैफिक जाम चार धाम यात्रा आयोजन के दौरान नियंत्रण में नजर नहीं आता है, इसके लिए वाहनों की संख्या पर नियंत्रण रखना ही एकमात्र वैकल्पिक व्यवस्था है। खाद्य पदार्थों की कीमतों तथा श्रद्धालुओं की रहने की व्यवस्था यात्रा सीजन के दौरान अनियंत्रित होती नजर आई है और अक्सर इस कारण श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों में आपसी मारपीट जैसी घटनाएं होना एक चिंता का विषय है। चार धाम यात्रा का आयोजन न केवल श्रद्धा एवं भक्ति का एक महत्वपूर्ण बिंदु है बल्कि यह राज्य सरकार के लिए पर्यटन एवं राजस्व की दिशा में भी लाभकारी आयोजन साबित हुआ है। यात्रा से जुड़े कई कारोबारी का जीवन यापन इसी यात्रा पर निर्भर है और यह तभी सफल हो सकता है जब सरकार की ओर से यात्रियों के लिए व्यापक सुविधा एवं सुरक्षा के साथ–साथ अन्य बुनियादी सुविधाएं यात्रा मार्ग एवं धार्मिक स्थलों पर सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाएं। चार धाम जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों में निश्चित तौर पर कुछ कमियां तो रह ही जाती है और इन कमियों को दूर करने के लिए निश्चित तौर पर श्रद्धालुओं को भी सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस एवं नियमों का पालन करना चाहिए। खास तौर से धार्मिक क्षेत्र की गरिमा एवं स्थानीय परंपराओं को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा को सुखद बनाना चाहिए।

# बच्चों को सोशल मीडिया के असर से बचाने की जरूरत

**अजीत द्विवेदी**

देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का सम्मेलन चल रहा है। एआई के आर्थिक, सामरिक इस्तेमाल और उसके असर की व्याख्या हो रही है। दुनिया भर के विशेषज्ञ दिल्ली में हैं। और इसके समानांतर इस बात की भी चर्चा हो रही है कि बच्चों और किशोरों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल से कैसे बचाया जाए। जब से ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी है और सभी सोशल मीडिया कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि किसी भी बच्चे का अकाउंट उनके प्लेटफॉर्म पर नहीं होना चाहिए तब से भारत और दुनिया भर के देशों में इस तरह की चर्चा शुरू हो गई है। भारत में आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से इसकी पहल हो रही है कि 15 साल तक की उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से कैसे दूर रखा जाए। हो सकता है कि ऑस्ट्रेलिया के टेम्पलेट का इस्तेमाल करके यहां भी पाबंदी लगाई जाए।

इसके साथ ही इस प्रतिबंध के असर को लेकर भी बहस छिड़ गई है। यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या सोशल मीडिया पर पाबंदी बच्चों को इसके असर से बचाने का रामबाण उपाय है? इसके पक्ष और विपक्ष दोनों में तर्क दिए जा रहे हैं। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि पाबंदी का समर्थन और विरोध करने वाले दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि बच्चों को सोशल मीडिया के असर से बचाने की जरुरत है। बचाने के तरीके को लेकर जरूर मतभेद हैं। अमेरिका और यूरोप में कुछ दिन पहले हुए सर्वेक्षणों से पता चला कि इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि जेन जेड यानी 1997 से 2013 के बीच जन्मे बच्चे अपने से पहले वाली पीढ़ी यानी मिलेनियल्स के मुकाबले कम बुद्धिमान हैं। यह पहली बार है, जब कोई पीढ़ी अपने से पिछली पीढ़ी से कम बुद्धिमान हैं और इसका मुख्य कारण स्मार्ट फोन या दूसरे स्मार्ट गैजेट्स और सोशल मीडिया है। टेलीविजन को भी इडियट बॉक्स कहते थे लेकिन उसने बच्चों के सोचने, समझने की क्षमता को उतना प्रभावित नहीं किया, जितना इंटरनेट से कनेक्टेड गैजेट्स और सोशल मीडिया ने किया है।

सोचें, इस समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धि की वजह से दुनिया संज्ञानात्मक क्रांति (कॉग्निटिव रिवोल्यूशन) के मध्य में है और दूसरी ओर संचार क्रांति ने एक पूरी पीढ़ी की बुद्धिमता छीन ली है! क्या कृत्रिम बुद्धिमता के फलने फूलने के लिए जरूरी है कि प्राकृतिक बुद्धिमता का क्षरण हो? बहरहाल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सिर्फ बच्चों और किशोरों की संज्ञानात्मक क्षमता को प्रभावित नहीं कर रहे हैं, बल्कि उनकी सामाजिकता और मानसिक व शारीरिक क्षमता को भी प्रभावित कर रहे हैं। बच्चे और किशोर निराशा और अवसाद का शिकार हो रहे हैं। उनके अंदर कुंठा बढ़ रही है और सामाजिकता कम होती जा रही है। वे अपनी एक दुनिया रचने लगे हैं और कई बार यह उनके लिए जानलेवा साबित हो रहा है। पिछले ही दिनों दिल्ली से सटे गाजियाबाद में तीन बहनों के आत्महत्या करने की खबर आई थी। उनको सोशल मीडिया की ऐसी लत लगी थी कि वे अपनी वास्तविक दुनिया से बेखबर हो गईं थीं और एक आभासी दुनिया में रहने लगी थीं, जिसकी परिणति तीनों की मृत्यु में हुई।

लेकिन क्या इस तरह की घटनाओं को रोकने और बच्चों व किशोरों को स्क्रीन



एडिक्शन यानी फोन व सोशल मीडिया की लत से बचाने का एकमात्र तरीका यह है कि सोशल मीडिया पर पाबंदी लगा दी जाए? ध्यान रहे कोई भी पाबंदी बहुत खराब आर्थिक नीति मानी जाती है लेकिन यह सिर्फ आर्थिक नीति का मामला नहीं है, बल्कि इसके दूसरे पक्ष भी हैं। उन सबको ध्यान में रख कर ही कोई भी प्रयास किया जाना चाहिए। इसमें भेड़चाल के लिए कोई जगह नहीं है। ऑस्ट्रेलिया ने पाबंदी लगा दी और स्पेन के प्रधानमंत्री ने भी टिकटॉक से लेकर, यूट्यूब, स्नैपचैट, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चों के लिए पाबंदी लगाने की योजना का ऐलान किया है। इसकी देखादेखी कुछ और देश ऐसा करेंगे और भारत में भी इसकी मांग होगी और लोकप्रिय भावना को संतुष्ट करने के लिए हो सकता है कि कुछ कदम उठा भी लिए जाएं लेकिन उससे कोई समाधान नहीं होगा।

सबसे पहले तो यह समझने की जरुरत है कि बच्चों और किशोरों में स्क्रीन की जो लत लगी है वह टेक्नोलॉजी या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की समस्या नहीं है। यह एक सामाजिक व पारिवारिक समस्या है, जिसमें तकनीक को विलेन बनाया जा रहा है। इसके समाधान के लिए सबसे पहले यह सवाल पूछने की जरुरत है कि स्क्रीन का एडिक्शन पहले किसको हुआ? सोशल मीडिया की लत पहले किसको लगी? क्या ऐसा नहीं कि परिवार के बड़े, बुजुर्ग पहले इस लत का शिकार हुए और फिर बच्चों की बारी आई? क्या यह सही नहीं है कि कोरोना महामारी के बाद की स्थितियों ने भी इस परिघटना को जन्म दिया? क्या पढ़ाई, लिखाई में स्मार्ट फोन या स्मार्ट गैजेट्स के इस्तेमाल को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है? जाहिर है यह एक संश्लिष्ट समस्या है, जिसका समाधान पाबंदी के एक कामचलाऊ तरीके से निकालने की कोशिश हो रही है। अगर इसकी बहुआयामी जटिलता को समझते हुए समाधान निकालने का प्रयास नहीं हुआ तो पाबंदी लगाने से कुछ नहीं होगा।

वैसे भी किसी भी चीज पर पाबंदी कभी भी कामयाब नहीं होती है, बल्कि उससे समस्या उलझती जाती है और साथ ही नई समस्याएं भी पैदा होती हैं। वैसे भी बच्चों या किशोरों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल से रोकना एक मुश्किल काम होगा। भारत जैसे देश में यह और भी मुश्किल होगा। पहले तो सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाने वाले के उम्र और पहचान का वेरिफिकेशन बहुत मुश्किल होगा। अगर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सरकारी दस्तावेज जमा कराए जाते हैं तो प्राइवेसी कंप्रोमाइज्ड होने से लेकर पहचान के दुरुपयोग का खतरा अलग पैदा होगा।

इस तरह की पाबंदियों से बच्चों और किशोरों को, जो तकनीकी रूप से ज्यादा सक्षम और जानकार हैं, डार्क वेब या दूसरे गोपनीय तरीके आजमाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसके एक नया खतरा पैदा हो सकता है। इसी तरह कई बार सोशल मीडिया बच्चों व किशोरों को तनाव से निकलने का रास्ता भी देता है। वे अपने हमउम्र बच्चों से इससे जुड़े होते हैं, जिनसे उनको भावनात्मक संबल मिलता है। कई जानकार यह भी मानते हैं कि महिलाओं के सशक्तिकरण में इस तकनीक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की एक भूमिका रही है। इन पर पाबंदी महिलाओं को, खास कर युवा महिलाओं को निगेटिव तरीके से प्रभावित करेगी। ध्यान रहे भारत में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का इंटरनेट एक्सेस बहुत कम है।

तभी सवाल है कि अगर पाबंदी कोई समाधान नहीं है तो क्या किया जाए? सबसे पहले तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को न्यूनतम जांच सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया जाए। इसके बाद उनके कंटेंट को लेकर भी उनको जिम्मेदार ठहराया जाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सुनिश्चित करना होगा कि किस किस्म का कंटेंट कौन एक्सेस करेगा। इसके बाद अश्लील और हिंसक कंटेंट को पूरी तरह से रोकने का नियम बनाने की जरुरत है। भारत में गेमिंग को रेगुलेट करने के नियम आए हैं। एडिक्ट करने वाले गेम और अश्लील कंटेंट को रोकने के सख्त नियम बनाए जाएं और उनको लागू कराया जाए।

पैरेंटल कंट्रोल को आसान बनाया जाए ताकि कम पढ़े लिखे लोग भी अपने घर के स्मार्ट गैजेट्स में इसका इस्तेमाल करके यह तय कर सकें कि उनके बच्चे क्या कंटेंट देख सकते हैं। इसके बाद स्कूल, कॉलेज, कोचिंग आदि में स्मार्ट गैजेट्स के इस्तेमाल को न्यूनतम किया जाए।

मिसाल के तौर पर एक छोटी पहल यह हो सकती है कि बच्चे स्कूल जाते हैं तो होमवर्क और दूसरा कोई भी निर्देश उनको स्कूल में ही दिया जाए, जैसा पहले होता था। होमवर्क और दूसरे निर्देश व्हाट्सऐप पर भेजना बंद कर दिया जाए। नियमित स्कूल जाने वाले बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई को भी कम से कम किया जाना चाहिए। इसके बाद समाज और परिवार की मूल्य पद्धति को रीसेट करने की जरुरत है। अगर परिवार के बड़े, बुजुर्ग स्मार्ट गैजेट्स का इस्तेमाल कम करते हैं तो वे बच्चों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इस किस्म के कई छोटे छोटे कदम हैं, जिनसे सोशल मीडिया के निगेटिव असर को कम किया जा सकता है।

# भाजपा को लेने के देने पड़ेगे

**हरिशंकर व्यास**

क्या भाजपा राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त कराने और जीवन भर चुनाव लड़ने से रोकेगी? ऐसे ही क्या प्रियंका गाधी वाड्रा की भी सदस्यता खत्म कराने की पहल होगी? भाजपा की ओर से पहले राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने की चर्चा थी लेकिन उसको पता है कि उसमें पार्टी को शामिल होना होगा। यह भी सवाल था कि अगर सरकार के नीतिगत फैसलों की आलोचना के लिए विपक्ष के किसी सदस्य के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाया जाने लगे तो फिर यह बात बहुत दूर तक चली जाएगी। तभी पार्टी के एक सांसद निशिकांत दुबे की ओर से सबस्टेंसिव मोशन पेश कराया गया।

ध्यान रहे पहले सबस्टेंसिव मोशन पर यूपीए की पहली सरकार ने कई सांसदों की सदस्यता समाप्त की थी। उनके ऊपर पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोप लगे थे। बाद में कमीशन लेकर एमपी फंड बेचने के आरोप में भी इस तरह का प्रस्ताव लाया गया। लेकिन राहुल गांधी का मामला अलग है। राहुल एक तो नेता विपक्ष हैं और दूसरे देश की मुख्य विपक्षी पार्टी के सर्वोच्च नेता हैं। उनके ऊपर जिस तरह के आरोप लगाए गए हैं उनका कोई बहुत मजबूत आधार नहीं है। फोर्ड फाउंडेशन से संबंध या जॉर्ज सोरोस के साथ संबंध रखना सदस्यता खत्म करने का आधार नहीं हो सकता। तभी ऐसा लग रहा है कि भाजपा सांसद की ओर से पेश किया गया प्रस्ताव का इस्तेमाल राहुल को डराने और दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर है।

राइट विंग इकोसिस्टम के लोग यह भी कह रहे हैं कि अगर राहुल की सदस्यता चली जाती है तो प्रियंका गांधी वाड्रा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बन जाएंगी। अगर ऐसा होगा तो पार्टी के अंदर पावर सेंटर बदल जाएगा। यानी इस तरह से राहुल से पीछा छूटने की भाजपा के नेता उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि ऐसा होने की संभावना बिल्कुल नहीं है।

वैसे भाजपा नेताओं का एक समूह प्रियंका के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग कर रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि कांग्रेस और विपक्ष के कई सांसद स्पीकर के चैंबर में चले गए थे। उन्होंने वहां गाली गलौज की। यह भी कहा गया कि विपक्षी सांसदों ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्द कहे। दावा किया जा रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसकी साजिश रची थी और उनके उकसाने पर ये सांसद स्पीकर के कक्ष में गए थे। इस आधार पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की बात है।

परंतु क्या भाजपा सचमुच ऐसा कर पाएगी? यदि ऐसा किया तो राजनीति पर उसका क्या असर होगा? ध्यान रहे पिछली लोकसभा के कार्यकाल में सूरत में मानहानि के एक मामले में राहुल गांधी को दो साल की सजा हुई थी। लोकसभा सचिवालय ने तत्काल उनकी सदस्यता रद्द कर दी थी। उनका तुगलक लेन का बंगला खाली करने को कहा गया। राहुल ने तत्काल बंगला खाली किया। बाद में ऊपरी अदालत ने सजा पर रोक लगा दी तो राहुल की सदस्यता भी बहाल हुई। उसके बाद फिर उनको वही बंगला आवंटित हुआ लेकिन वे उसमें रहने नहीं गए। अंत नतीजा क्या हुआ? बाद में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटें 52 से बढ़ कर 99 हो गईं। दो निर्दलीय सांसदों को मिला कर कांग्रेस की संख्या एक सौ पार कर जाती है। यानी एक बार राहुल की सदस्यता रद्द हुई तो कांग्रेस की सीटों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई। अब यदि उनकी सदस्यता फिर रद्द होती है या चुनाव लड़ने से रोका जाता है तो क्या कांग्रेस डेढ़ सौ पहुंच जाएगी? पता नहीं, सीटों की संख्या आकलन अभी संभव नहीं है। इतना तय है कि अगर राहुल की सदस्यता खत्म हुई,र उनको चुनाव लड़ने से रोका गया या सदन से भी निलंबित किया गया तो इससे कांग्रेस में नई ऊर्जा लौटेगी। विपक्षी पार्टियों के साथ देश के एक बड़े मतदाता समूह में भाजपा विरोधी नेता के तौर पर राहुल की पोजिशन मजबूत होगी। भाजपा के लेने के देन पड़ेगे।

## कमान श्रृंखला को लेकर प्रश्न

देश के सामने असल सवाल वो ब्योरा है, जो जनरल नरावणे ने लद्दाख क्षेत्र में 2020 में हुई घटनाओं के बारे में दिया है। उन घटनाओं से भारतीय सेना के अंदर कमान श्रृंखला को लेकर प्रश्न उठे हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरावणे की कथित रूप से अप्रकाशित किताब कैसे छपे रूप में और उसकी पीडीएफ कॉपियां आम लोगों तक पहुंच गईं, यह प्रकाशक पेंगुइन इंडिया के लिए अहम मसला हो सकती है, लेकिन देशवासियों के सामने यह मुख्य मुद्दा नहीं है। देश के सामने असल सवाल वो ब्योरा है, जो जनरल नरावणे ने 2020 में भारतीय सीमा के अंदर चीन की पैठ बनने और उसी क्रम में कैलाश रेंज में हुई घटना के बारे में दिया है। उन घटनाओं से भारतीय सेना के अंदर कमान श्रृंखला को लेकर प्रश्न उठे हैं। चूंकि उससे सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व सवालों के घेरे में आया है, तो कुछ दूसरे हलकों से जनरल नरावणे के कर्त्तव्य निर्वाह के रिकॉर्ड पर निशाने साधे गए हैं। पूछा गया है कि जब मई– जून 2020 से चीनी सेना ने लद्दाख क्षेत्र में भारतीय इलाके में घुसपैठ की, तो उसे रोकने में भारतीय सेना क्यों नाकाम रही? उस दौरान खुद जनरल नरावणे के दिए कुछ बयानों का उद्धरण देते हुए कहा गया है कि तत्कालीन सेनाध्यक्ष ने चीनी कार्रवाइयों की गंभीरता की या तो उपेक्षा की अथवा उन्होंने उससे देश को नावाकिफ रखा। उधर जनरल नरावणे की किताब से संकेत मिलता है कि सेना को 'टॉपइ से बिना अनुमति के फायरिंग ना करने का निर्देश था। इसी बीच एक संकटपूर्ण मौका आया और तत्कालीन सेनाध्यक्ष ने दिशा–निर्देश मांगा, तो राजनीतिक नेतृत्व ने पहले तो लेट–लतीफी की और फिर उन पर डाल दिया गया कि जो उचित लगे उसे वे करें। विशेषज्ञों के मुताबिक इस पूरे प्रकरण में युद्ध संबंधी टैक्टिकल, ऑपरेशनल, एवं स्ट्रेटेजिक निर्णय प्रक्रिया घालमेल का शिकार हो गई लगती है। चूंकि ये बात बहुचर्चित हुई है, तो भारत के 'दुश्मनोंइ ने भी उस पर गौर किया होगा। इसलिए असल सवाल ऐसी कमजोरियों को तुरंत दूर करने का है। जरूरी यह है कि इस पर समग्र चर्चा हो और जवाबदेही की श्रृंखला तय की जाए। इसके विपरीत किताब कैसे सार्वजनिक हो गई, जैसे मुद्दे को योजनाबद्ध ढंग से तरजीह दी जा रही है।

# ईशा मालवीय की डेब्यू फिल्म इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज





भारतीय अभिनेत्री, मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म इश्कां दे लेखे का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। अभिनेत्री रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इश्कां दे लेखे का ट्रेलर स्पीड रिकॉर्ड्स, पैनोरमा स्टूडियोज और डायमंडस्टार वर्ल्डवाइड यूट्यूब चैनलों ने आपस में कोलैबोरेशन के तहत अपलोड किया है, जिनके चैनलों पर कुल मिलाकर लगभग 50 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिस्क्रिप्शन में लिखा, एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी इश्कां दे लेखे का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है। प्रतिभाशाली मनवीर बरार द्वारा निर्देशित, इश्कां दे लेखे बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है। लेख और सुर्खी भिंडी जैसी लगातार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद गुरनाम भुल्लर एक और उत्कृष्ट कृति के साथ वापसी कर रहे हैं और यह फिल्म किसी जादू से कम नहीं है। यह नई पंजाबी फिल्म प्यार की कहानी है और पंजाबी सिनेमा की सदाबहार क्लासिक बनने के लिए तैयार है। ट्रेलर की शुरुआत एक यूनिवर्सिटी की बेल से होती है, जिसके बाद गुरनाम भुल्लर का सीन दिखाया जाता है और एक दमदार पंजाबी रोमांटिक डायलॉग सुनने को मिलता है, जिसमें कहा जाता है, जदो प्यार हद से गुजर जाए, उने मोहब्बत कहते हैं।

## रणजी ट्रॉफी 2025–26, फाइनल: जम्मू के कप्तान पारस डोगरा ने कर्नाटक के खिलाड़ी को मारा धक्का

नईदिल्ली, रणजी ट्रॉफी 2025–26 का फाइनल मुकाबला कर्नाटक क्रिकेट टीम और जम्मू–कश्मीर क्रिकेट टीम के बीच हुबली के डीआर बेंद्रे क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। मैच के दूसरे दिन जम्मू के कप्तान पारस डोगरा ने अपना आपा खो दिया और कर्नाटक के एक खिलाड़ी को सिर से टक्कर मार दी। इस घटना के बाद विवाद की स्थिति पैदा हो गई। इसके बाद मैदानी अंपायरों ने बीच–बचाव करते हुए स्थिति को संभाला। आइए पूरा मामला जानते हैं। यह घटना जम्मू–कश्मीर की पारी के 101वें ओवर की है। उस दौरान डोगरा और कन्हैया वधावन बल्लेबाजी कर रहे थे। प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद डोगरा के बल्ले का निकारा लेते हुए थर्ड मैन क्षेत्र में चार रनों के लिए सीमा रेखा के बाहर चली गई। उसके बाद डोगरा और फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर खड़े फील्डर केवी अनीश के बीच कहासुनी हो गई। डोगरा सीधे अनीश पर झपटे और उनको सिर से धक्का मार दिया। इस घटना के बाद मयंक अग्रवाल ने बीच–बचाव किया। इसी तरह अंपायरों ने हस्तक्षेप कर दोनों खिलाड़ियों को शांति बरतने और मैच में खेल भावना का परिचय देने के लिए पाबंद किया। इस

# आईसीसी टी–20 रैंकिंग: ईशान किशन 5वें स्थान पर पहुंचे, ऑलराउंडर में शिवम दुबे को हुआ फायदा

नईदिल्ली, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारतीय बल्लेबाज ईशान किशन टी–20 में 5वीं रैंकिंग में पहुंच गए हैं। वहीं, ऑलराउंडर की रैंकिंग में शिवम दुबे को भी फायदा हुआ है। दुबे ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में उम्दा बल्लेबाजी की थी। इनके अलावा जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा टी–20 के नंबर–1 ऑलराउंडर बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के सैम अयूब को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया।



किशन अब 3 पायदान के फायदे के साथ 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके अब 742 रेटिंग अंक हो गए हैं। भारतीय बल्लेबाजों में उनसे आगे सिर्फ अभिषेक शर्मा हैं। टी–20 विश्व कप 2026 में अपनी फॉर्म तलाश रहे अभिषेक 877 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। शीर्ष–10 बल्लेबाजों में सूर्यकुमार यादव छठे और तिलक वर्मा 7वें स्थान पर हैं। तिलक को 3 पायदान का नुकसान हुआ है।

दुबे ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पिछले मैच में बल्लेबाजी में 42 रन बनाए थे और गेंदबाजी में उन्होंने 1 विकेट लिया था। ऑलराउंडर की सूची में उनके अब 216 रेटिंग अंक हो गए हैं। वह 2 पायदान के फायदे के साथ 7वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे के कप्तान रजा अब 294 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

# द केरल स्टोरी 2 पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची



द केरल स्टोरी 2ः गोज बियॉन्ड अपने ट्रेलर रिलीज के बाद से ही विवादों से घिरा हुआ. फिल्म के खिलाफ रिलीज पर रोक लगाने के लिए याचिकाएं दायर की गई हैं. इसी बीच सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म को / 16+ सर्टिफिकेशन के साथ पास कर दिया है. हालांकि मेकर्स को फिल्म में 16 कट्स लगाने या बदलाव करने को कहा है.रिपोर्ट के अनुसार, सीबीएफसी ने द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड के मेकर्स को फिल्म में लगभग 16 कट या बदलाव करने के लिए कहा है. किसिंग विजुअल्स और रेप सीन को 50 प्रतिशत कम कर दिया गया.एक लिप–लॉक सीन को 7 सेकंड कम करने के लिए कहा गया. रेप सीन को 20 सेकंड छोटा कर दिया गया. एक सीन, जिसमें एक महिला को थप्पड़ मारा जा रहा है, और दूसरा सीन जिसमें एक महिला के सिर पर मारा जा रहा है, दोनों को 2 सेकंड कम कर दिया गया.एक सीन में जहां आरोपी का घर बुलडोजर से गिराया जा रहा है, सीबीएफसी ने उसे बदलने के लिए कहा गया. इसके अलावा उन्होंने तीन डायलॉग बदलने और एक शब्द म्यूट करने के लिए कहा गया.

## श्री विष्णु की फिल्म विष्णु विन्यासम का लेटेस्ट गाना एमी रा बलाराजू जारी

एंटरटेनमेंट के किंग श्री विष्णु की आने वाली फिल्म विष्णु विन्यासम अपने लेटेस्ट सिंगल, एमी रा बलाराजू के साथ चर्चा में है। यह गाना, जो फिल्म के साउंडट्रैक का हिस्सा है, एक जोशीला गाना है जो दिल टूटने को जश्न में बदल देता है। म्यूजिक डायरेक्टर राधन ने ग्रूवी बीट्स को रामजोगय्या शास्त्री के अनोखे लिरिक्स के साथ मिलाकर इसे एक कैची ट्रैक बनाया है। सरथ संतोष का गाया यह गाना एक मजेदार नोट पर शुरू होता है, जो श्री विष्णु के प्यार में रॉन्ग गॉन के बारे में जोशीले अंदाज के लिए मूड सेट करता है। उनका लुंगी स्टेप आम लोगों के लिए खास तौर पर बनाया गया है और शायद सोशल मीडिया रील्स पर छा जाएगा। आखिर में नयना सारिका का आना गाने के ह्यूमर को और बढ़ा देता है, जिससे यह एक हल्का–फुल्का, मज़ेदार ट्रैक बन जाता है।

# टी–20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड के इन बल्लेबाजों ने लगाए हैं शतक

नईदिल्ली, टी–20 विश्व कप 2026 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में अपनी जगह बना चुकी है। बीते मंगलवार (24 फरवरी) को हुए मुकाबले में इंग्लिश टीम ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 2 विकेट से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इंग्लैंड की जीत में कप्तान हैरी ब्रूक की अहम भूमिका रही, जिन्होंने मैच में शतक लगाया। इस बीच टी–20 विश्व कप के इतिहास में शतक लगाने वाले इंग्लिश बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।



इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज एलेक्स हेल्स ने 2014 में टी–20 विश्व कप के ग्रुप–स्टेज मैच में श्रीलंका के गेंदबाजों की खूब पिटाई की थी। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने चटगांव में 64 गेंदों पर 116* रन बनाए, जिसमें 6 छक्के और 7 चौके शामिल थे। हेल्स की इस पारी की मदद से इंग्लैंड ने 190 रन के लक्ष्य को 4 गेंद बाकी रहते हासिल किया था। खास बात यह है कि वह टी–20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड के पहले शतकवीर बने थे। टी–20 कप 2021 में इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया था। बटलर ने पारी की शुरुआत करते हुए 67 गेंदों में नाबाद 101 रन बनाए थे, जिसमें 6 चौके और 6 छक्के शामिल थे। यह पारी एक मुश्किल पिच पर आई, जहां इंग्लैंड के शीर्ष–4 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके थे। बटलर की तूफानी पारी की मदद से इंग्लैंड ने 20 ओवर में 163/4 का स्कोर बनाया था। जवाब में श्रीलंकाई पारी 137 रन पर समाप्त हुई थी। जीत के लिए मिले 165 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने शून्य के स्कोर पर ही अपना पहला विकेट गंवाया था। नंबर–3 पर बल्लेबाजी के लिए आए ब्रूक ने अच्छी रन गति से बल्लेबाजी करते हुए टीम को संकट से निकाला। उन्होंने सिर्फ 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने एक छोर से तेजी से रन बटोरते हुए 50 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

## एक नजर

### समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर रोष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : लगातार शिकायत के बाद भी क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर संयुक्त समाज सेवी संगठन ने रोष व्यक्त किया है।

कुंभीचौड़ में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। कहा कि रामपुर क्षेत्र में पथ प्रकाश व्यवस्था न होने से क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहता है। जिसके कारण जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। क्षेत्र के आम चौराहों व रास्तों में खनिज सामग्री ईंट, बजरी, रेत, सरिया पड़ा रहता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। कहा कि कुंभीचौड़ क्षेत्र में अधिकांश घरों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने नगर निगम के महापौर से क्षेत्र की समस्याओं का संज्ञान लेकर निस्तारण करवाने की मांग की है। इस मौके पर मोहन सिंह रावत, रतन सिंह नेगी, वाचस्पति बहुखंडी, महानंद ध्यानी, हरेंद्र सिंह रौथाण, सतेंद्र सिंह नेगी, सुल्तान सिंह रावत, रमेश चंद्र बौंठियाल, दयानंद भट्ट, जगदीश सिंह, राम सिंह रावत मौजूद रहे।

### नेपाली मूल की महिला पर गुलदार ने किया हमला

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : जिले में गुलदार का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुलदार अभी तक कई लोगों को निवाला बना चुके है तथा कई लोगों को घायल को कर चुके है। गुरुवार सांय डोभा गांव में मजदूरी कर रही नेपाली मूल की एक महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया, जिससे महिला की जान बच गई। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि महिला रेत भर रही थी, तभी अचानक गुलदार ने उस पर झपट्टा मार दिया।

जानकारी के अनुसार महिला गुरूवार सांय करीब छः बजे रेत भर रही थी, तभी अचानक गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। महिला के चीखने पर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाया, जिसके बाद गुलदार मौके से भाग निकला। गनीमत रही कि महिला गंभीर रूप से घायल नहीं हुई। सूचना मिलते ही गढ़वाल वन प्रभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की बात कही है। डीएफओ महातिम यादव ने बताया कि गुलदार द्वारा महिला पर हमले की सूचना मिली है। वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। घटना की पूरी जानकारी जुटाई जा रही है।

### 28 फरवरी को आयोजित होगा विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मेरा युवा भारत, पौड़ी गढ़वाल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना हेमवंती नन्दन बहुगुणा विश्वविद्यालय, बिड़ला परिसर श्रीनगर गढ़वाल के संयुक्त तत्वधान में ह्वविकसित भारत युवा संसद 2026ह्व कार्यक्रम का आयोजन 28 फरवरी को किया जायेगा।

मेरा युवा भारत, पौड़ी के उपनिदेशक शैलेश भट्ट एवं कार्यक्रम समन्वयक राकेश नेगी ने बताया कि इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष युवा संसद का विषय ह्वआपातकाल के 50 वर्ष: भारतीय लोकतंत्र के लिए सीखह्व निर्धारित किया गया। प्रतिभागियों को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए 03 मिनट का समय दिया जायेगा। इसमें 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा (01 सितम्बर, 2026 तक) भाग लेने के पात्र होंगे। इच्छुक युवा निर्धारित तिथि को सीधे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर सहभागिता कर सकते हैं। विकसित भारत युवा संसद 2026 युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने समसामयिक राष्ट्रीय मुद्यों पर संवाद करने तथा नेतृत्व एवं वक्तृत्व कौशल विकसित करने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। इस जिला स्तरीय आयोजन में प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर पांच प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया जायेगा। इसके पश्चात् प्रत्येक राज्य के तीन श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया जायेगा। उन्होने भाग लेने के इच्छुक सभी युवाओं से अनुरोध कर अपील की है कि वे 28 फरवरी को एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं पहचान पत्र एवं जन्मतिथि प्रमाण पत्र की फोटोप्रति साथ लाकर सहभागिता सुनिश्चित करें।

# सुरक्षा दीवार टूटी, आबादी में पहुंचकर फसल बर्बाद कर रहे हाथी

**सनेह के साथ ही भाबर क्षेत्र में बढ़ रहा हाथियों का आतंक, झंडीचौड़ पश्चिमी के काश्तकार उठा रहे दीवार निर्माण की मांग**



कोटद्वार के सनेह क्षेत्र में टूटी हाथी सुरक्षा दीवार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आबादी में जंगली जानवरों को रोकने के लिए बनाई गई सुरक्षा दीवार जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने काश्तकारों के लिए मुसीबत बन रही है। आए दिन हाथी आबादी में घुसकर काश्तकारों की फसल बर्बाद कर रहे हैं। शिकायत के बाद भी वन विभाग समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। वहीं, पश्चिमी झंडीचौड़ में वर्षों पूर्व लगाई गई फेंसिंग लाइन पूरी तरह टूट चुकी है।

सनेह व झंडीचौड़ का अधिकांश क्षेत्र लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र से सटा हुआ है। यही कारण है कि आबादी क्षेत्र में लगातार जंगली जानवरों की धमक बनी रहती है। वर्ष 2014-15 में सनेह क्षेत्र के रामपुर में हाथियों को रोकने के लिए करीब 1150 मीटर सुरक्षा दीवार का निर्माण करवाया गया था। दीवार निर्माण होने के बाद कुछ वर्षों तक लोगों को जंगली जानवरों की समस्या से राहत मिली। लेकिन, वर्तमान में दीवार जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। नतीजा, हाथी सहित अन्य जानवर आसानी से आबादी में प्रवेश कर रहे हैं। कुछ दिन पूर्व आबादी में पहुंचे हाथी के झुंड ने काश्तकारों की फसल को नुकसान पहुंचाया। वहीं, पश्चिमी झंडीचौड़ क्षेत्र के काश्तकार क्षेत्र में हाथी सुरक्षा दीवार बनवाने की मांग उठा रहे हैं। क्षेत्रीय पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश काश्तकार खेती पर ही निर्भर है। सुरक्षा दीवार नहीं होने के कारण जानवर आबादी में प्रवेश कर फसल को बर्बाद कर रहे हैं। पूर्व में वन विभाग की ओर क्षेत्र में फेंसिंग लाइन बिछाई गई थी। लेकिन, यह भी खराब पड़ी हुई है।

**खेती से मुंह मोड रहे काश्तकार**

लगातार मेहनत के बाद भी फसल बर्बाद होने से परेशान काश्तकार अब धीरे-धीरे खेती से मुंह मोड़ने लगे हैं। काश्तकारों का कहना है कि फसल बर्बाद होने से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। ऐसे में परिवार का पालन-पोषण करना चुनौती बन रही है। लगातार शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम जंगली जानवरों की निजात दिलवाने में नाकाम साबित हुआ है।

# तकनीकी खोज से मानव के जीवन में हुआ परिवर्तन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : राजकीय स्नाातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण में आईक्यूएसी एवं करियर काउंसिलिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में काल्पनिक बुद्धि पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने कहा कि परिवर्तन के चार परिमान होते हैं। पूर्व के तीन प्रतिमान सीधे निरीक्षण एवं प्रयोग व ऊपर से नीचे की ओर कार्य करते थे, जबकि अन्तिम चतुर्थ प्रतिमान नीचे से ऊपर को कार्य करता है। कहा कि वास्तविक बुद्धि विषय नैतिकता पर आधारित तथा काल्पनिक बुद्धि विकल्प पर आधारित होती है। उन्होंने कहा कि मानव ने जब कृषि, लेखन व तकनीकी की खोज की तब जीवन में परिवर्तन हुआ। कहा कि काल्पनिक बुद्धि मशीन द्वारा अधिगम पर



आधारित है। इस कारण हमें परिवर्तन को पकड़ने या समझने का प्रयास करना चाहिए नहीं तो परिवर्तन हमें जकड़ लेगा और बाहर कर देगा। कहा कि हमें प्रदूषण निवारण, कृषि की नवीनता हेतु काल्पनिक बुद्धि पर कार्य करना चाहिए। इस मौके पर छात्रों को कम्प्यूटर एवं काल्पनिक बुद्धि के मध्य तुलनात्मक सम्बन्ध के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दुदुन मेहता ने किया।

## शिक्षक को डाक्टरेट अवार्ड मिलने का स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : हिंदू राष्ट्र नेपाल की ओर से साहित्यकार, पर्यावरणविद्, नाटक कार व व्यंग्यकार सुंदर लाल जोशी को लैग्वेज जेमस्टोन आनरेरी डाक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कोटद्वार निवासी सुंदर लाल जोशी शिक्षक के पद पर तैनात हैं।

जोशी को यह अवार्ड मिलने का शिक्षकों व संगठनों ने स्वागत किया है।

डाक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर सुंदर लाल जोशी ने बताया कि इस प्रकार के सम्मान से सम्मानित होने वाले लोगों के सामाजिक सेवा के उत्तरदायित्व और बढ़ जाते है। कहा कि इस प्रकार के सम्मान उन्हें उत्कृष्ट सामाजिक सकारात्मक सोच निर्मित करने के सहायक होते हैं। साथ ही ऐसे लोग सामाजिक प्रेरणा स्रोत होने के साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में भी सफल होते हैं। इतना ही नहीं, इस प्रकार के आयोजन से हमारे पड़ोसी हिंदू राष्ट्र नेपाल के विकास में निर्णायक भूमिका अदा करेंगे। कहा कि स्वदेश की संस्कृति और भाषाई संरक्षण और संवर्द्धन के लिए इस प्रकार के प्रयास निरंतर होते रहने चाहिए। साथ ही इस प्रकार के कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता की जरूरत है।

## नारायणबगड़ महाविद्यालय में मिलेगी महिला छात्रावास की सुविधा

चमोली। विकासखंड के मींग में संचालित मगन लाल शाह राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को जल्द छात्रावास का लाभ मिल सकेगा। यहां महिला छात्रावास का निर्माण लगभग अंतिम चरण में है। इसके पूर्ण होने पर करीब 52 छात्राओं को लाभ मिलेगा। मींग कस्बे में वर्ष 2020 से महाविद्यालय का संचालन हो रहा है। मौजूदा समय में महाविद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास

I, अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र विषयों का अध्ययन किया जा रहा है। यहां श्रीगुरु, कड़ाकोट पट्टी सहित कई अन्य दूरस्थ गांवों से बच्चे उच्च शिक्षा के लिए पहुंचते हैं।

# बेस अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं पर जाताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में बदहाल व्यवस्थाओं पर उत्तराखंड बेरोजगार महासंघ ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि चिकित्सकों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण अस्पताल रेफर सेंटर बन चुका है। बेस अस्पताल में आईसीयू भी भगवान भरोसे चल रहा है।

समस्याओं को लेकर महासंघ के अध्यक्ष राम कंडवाल ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि कोटद्वार बेस अस्पताल को बने कई वर्ष बीत चुके हैं। लेकिन, आज भी अस्पताल केवल रेफर सेंटर बना हुआ है। राजकीय बेस चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सक न होने से चिकित्सालय में गंभीर मरीजों को रेफर किया जा रहा है। बेस चिकित्सालय



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते उत्तराखंड बेरोजगार महासंघ के अध्यक्ष राम कंडवाल

में चर्मरोग, बर्न विभाग, कार्डियोलाजिस्ट सहित कई अन्य पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है। जबकि, स्थानीय जनता लगातार चिकित्सकों की तैनाती की मांग कर रही है। आईसीयू विभाग भी केवल नाम का ही रह गया है। कहा कि आईसीयू में चिकित्सक, एनेस्थेसिस्ट व तकनीकी विभाग के आठ पद सृजित हैं। लेकिन, वर्तमान में वहां कोई नियमित चिकित्सक तैनात नहीं है। कहा कि एक तरफ क्षेत्रीय विधायक की तरफ से बेस चिकित्सालय में पूरे चिकित्सक होने का दावा किया जा रहा है। लेकिन, सूचना अधिकार के तहत मांगी गई सूचना के अनुसार बेस चिकित्सालय में 59 पद सृजित हैं। लेकिन, वर्तमान में मात्र 23 चिकित्सक ही कार्यरत है। ऐसे में जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। कहा कि यदि जल्द व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो संगठन आंददोलन को मजबूर होगा। इस मौके पर रमेश भंडारी, शिवानंद लखेड़ा, महिमा डोबरियाल मौजूद रहे।

# शहीद मेले में बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन



दुगड्डा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांस्कृति प्रस्तुति देते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : दुगड्डा में आयोजित तीन दिवसीय शहीद मेले के दूसरे दिन बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुगध कर दिया। इस दौरान बच्चों के लिए दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें आरव, नैंसी रावत, तनिश नेगी, सोनिया, काजल व रितिक अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान पर रहे।

आयोजित दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिकाध्यक्ष शशि बिष्ट ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं इसलिए उन्हें हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने का मौका मिलता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देश भक्ति, गढ़वाली, कुमाउंनी सहित हिंदी गीतों पर भी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व दुगड्डा से आजाद पार्क के मध्य विभिन्न वर्गों में दौड़ आयोजित की गई। प्राथमिक बालक वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में आरव गौड़, बजरंग व आयुष और बालिका वर्ग में नैंसी रावत, आलिया व आबिया क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग में तनिश नेगी, अनुराग भट्ट व लक्की और बालिका वर्ग में सोनिया, दीक्षा व भूमिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। जबकि, सीनियर बालिका वर्ग में काजल, आशी व अदिति नेगी और बालक वर्ग में रितिक रावत, शुभम व संदीप सिंह ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर आयोजन समिति के तमाम पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ज्योतिर्मठ में आज होगी विशाल रैली, बाजार रहेगा बंद

चमोली। पैनखंडा समुदाय को ओबीसी का दर्जा मिलने के 10 साल बाद भी इसे केंद्रीय सूची में दर्ज नहीं किया गया है। इससे आक्रोशित लोग शुक्रवार को ज्योतिर्मठ नगर में विशाल रैली का आयोजन कर रहे हैं, साथ ही आधे दिन तक बाजार भी बंद रखा जाएगा। पैनखंडा समुदाय को 2016 में उत्तराखंड सरकार ने ओबीसी का दर्जा दिया। लेकिन अभी तक इसे केंद्रीय सूची में शामिल नहीं किया जा सका है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। कई प्रयास के बाद भी यह मामला जस का तस बना हुआ है। पैनखंडा संघर्ष समिति के अध्यक्ष भरत सिंह कुंवर का कहना है कि इस रैली में पूरे विकासखंड के लोग शामिल हो रहे हैं। वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष नैन सिंह भंडारी ने बताया कि शुक्रवार को रैली के दौरान दोपहर एक बजे तक सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। टीएचडीसी की कार्यदायी संस्था एचसीसी (हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी) की ओर से हाल ही में 10 स्थानीय श्रमिकों को हटाया गया है। इस पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने आपत्ति दर्ज की। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं के सम्मुख रोजीरोटी का संकट हो गया है। परियोजना कार्य अभी जारी है मगर स्थानीय युवाओं को बाहर किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने परियोजना निर्माण के लिए अपने जल, जंगल, जमीन को कंपनी को दिया। मगर यहां बाहर के श्रमिकों को रोजगार दिया जा रहा है जबकि स्थानीय युवाओं को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है।

## पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

चमोली। यातायात व्यवस्था बनाने और सुरक्षा दुरुस्त रखने के लिए पुलिस ने बुधवार देर शाम जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस उपाधीक्षक मदन सिंह बिष्ट खुद चेकिंग अभियान में शामिल रहे। एसपी सुरजीत पंवार ने पुलिस को लगातार चेकिंग अभियान चलाने और हर समय अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। इसे देखते हुए चमोली जिले में बुधवार देर शाम को मुख्य बाजारों और जिले की सीमाओं पर वाहनों की सघन चेकिंग की गई। लोगों से पूछताछ भी की गई। पुलिस ने रात्रि गश्त बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, बैटरी ऑपरेट व्हीकल, एटीएन, रेल कोच रेस्टोरेंट & कैंटीन के ठेकों को संचालन एवं आवंटन हेतु ई–बोलियाँ website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 13.03.2026 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग
उत्तर रेलवे मुरादाबाद

637/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या दिनांक | 316-DRM-MB-25-26 dt. 26.02.2026 |
| कार्य का नाम | Improvement of LHS drainage, sump-wells, approach road, height gauge, grouting & other misc works in ADEN/II/HRI section. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 23.03.2026 16:00 |
| अनुमानित लागत | 2,32,48,490.19 |
| धरोहर राशि | 2,66,300.00 |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 09.03.2026 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह |

No. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 26.02.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 644/26


# मार्ग के डमरीकरण को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



जयहरीखाल ब्लाक के अंतर्गत मार्ग के डामरीकरण की मांग को प्रदर्शन करते सीला गांव के ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जयहरीखाल के अंतर्गत सेंधीखाल से चुंडई के मध्य मार्ग का डामरीकरण नहीं होने पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि यदि जल्द मार्ग की सुध नहीं ली गई तो ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन पर उनकी अनदेखी का आरोप लगाया। कई दशक बीत जाने के बाद भी आज तक जनप्रतिनिधियों ने मार्ग के डामरीकरण की सुध नहीं ली, जिस कारण क्षेत्र के सैकड़ों गांव प्रभावित हो रहे हैं। सबसे बुरी स्थिति सीला क्षेत्र की बनी हुई है। डामरीकरण न होने के कारण इस मार्ग पर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लैंसडौन विधानसभा तक आने वाली सड़क तो पक्की है। लेकिन, यमकेश्वर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली करीब ढाई किलोमीटर सड़क बदहाल पड़ी हुई है। ढाई किलोमीटर के सफर को तय करने में वाहन चालकों की सांसें अटकी रहती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधियों ने उन्हें मार्ग को पक्का करने का आश्वासन दिया था। लेकिन, चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधियों ने इस ओर झांककर भी नहीं देखा। यदि जल्द मार्ग डामरीकरण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, विजय सिंह रावत, अनीता असवाल, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

## बदरीनाथ मास्टर प्लान : व्यावसायिक भवनों का आवंटन करें शुरू

चमोली। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर में बदरीनाथ मास्टर प्लान के कार्यों की समीक्षा बैठक की। डीएम ने एसडीएम ज्योतिर्मठ को मास्टर प्लान के तहत निर्मित व्यावसायिक भवनों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही बरती गई संबंधित कार्यदायी एजेंसी जिम्मेदार होगी। बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में डीएम ने संबंधित विभागों व निर्माण एजेंसियों से कार्यों की प्रगति लेकर विस्तृत जानकारी ली। डीएम ने कहा कि कार्यों की प्रभावी निगरानी रखें। बदरीनाथ में निर्माणाधीन कार्यों को पूरा करें। अस्पताल, झील सौंदर्यीकरण, व्यावसायिक भवन, पार्किंग, पुल निर्माण, ब्रह्मकपाल क्षेत्र के कार्य सहित अन्य सभी कार्यों में समय और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कार्यों में तेजी लाने के लिए मैन पावर बढ़ाएं। डीएम ने कहा कि गुणवत्ता और समयबद्धता से किसी तरह का समझौता नहीं होगा। अगर कार्यों में लापरवाही मिली तो इसके लिए संबंधित कार्यदायी एजेंसी जिम्मेदार मानी जाएगी। बैठक में एसपी सुरजीत सिंह पंवार, सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़, एसडीएम ज्योतिर्मठ चंद्रशेखर वशिष्ठ सहित पीआईयू के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**होली के बाद शुरू होंगे मास्टर प्लान के कार्य**

गोपेश्वर। बदरीनाथ धाम में होली के बाद फिर से मास्टर प्लान के काम शुरू होंगे। लोक निर्माण विभाग पीआईयू की कार्यदायी संस्थाओं की ओर से मजदूरों का पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। पीआईयू के अधिशासी अभियंता योगेश मनराल ने बताया कि होली के बाद बदरीनाथ में निर्माण कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

## एसडीएम की तैनाती के लिए गैरसैंण में प्रदर्शन

चमोली। तहसील में एसडीएम की स्थायी तैनाती और नव निर्मित उपजिला चिकित्सालय में ओटी (ऑपरेशन थिएटर) के लिए बजट आवंटित कराने की मांग के लिए कांग्रेस और अन्य लोगों ने प्रदर्शन किया। साथ ही तहसील प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर बजट सत्र से पूर्व कार्रवाई नहीं होने पर आठ मार्च को दिवालीखाल में प्रदर्शन और चक्काजाम की चेतावनी दी। बृहस्पतिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन भंडारी के नेतृत्व में साढ़े दस से दोपहर एक बजे तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ 60 से अधिक लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर पंचायत कार्यालय से तहसील कार्यालय तक रैली निकाली गई और तहसील परिसर में धरना दिया।


**उत्तर रेलवे**

**Tender Notice- 4R-Tele-CCTV,SIG-PRI,Augmentation Date. 25.02.2026**

Sr. Divisional Signal and Telecom engineer/Moradabad for and on behalf of President of India invites Open tenders through E-Tendering system for the following works-

| क्र. सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फार्म की लागत (रु.) | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 4R-Tele-CCTVRRoom-MB25-26 प्रोविजन ऑफ सी.सी.टी.वी. कैमरे टू मॉनिटर कॉमन एरियाज ऑफ रिटायरिंग रूम्स एंड काउंटर्स एट आल मेजर लोकेशन्स ऑफ मुरादाबाद डिविजन | 2,14,35,302.09 | 2,57,200.00 | Nil | 23.03.2026 15.00 |
| 2 | SNT-SIG-PRI-GCT-2024-25 पथरी कॉमन यूजर ट्राफिक फैसिलिटी एट पथरी इन कनेक्शन विथ CONCOR GCT | 2,26,72,808.01 | 2,63,400.00 | Nil | 23.03.2026 15:00 |
| 3 | SNTSig-Augmentation-powe ऑग्मेंटेशन ऑफ पॉवर सप्लाई अरेंजमेंट ओवर मुरादाबाद डिविजन | 2,30,08,909.57 | 2,65,100.00 | Nil | 23.03.2026 15:00 |

Note:- Complete details of tender can be seen at www.ireps.gov.in.

646/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2026:– हरिद्वार स्टेशन पर क्रू और गार्ड लॉबी के निर्माण के लिए विद्युत कार्य, जिसमें पुरुष और महिला शौचालय/वॉशरूम, क्रू मीटिंग हॉल, सीएलआई काउंसलिंग रूम, सिमुलेटर रूम, सीसीसी रूम, एसएनसी रूम और स्टोर रूम शामिल है, और रुड़की गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य, और धामपुर गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य। | 7939120.08 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 158800.00 | 12 (बारह) माह | निविदायें दिनांक 19.03.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद। |

सूचना संख्या : 03/2026 दिनांक: 26/02/2026

648/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली क्षेत्र में पार्सल यातायात पर अस्थायी प्रतिबंध

दिल्ली : आगामी होली पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और आनन्द विहार (ट.) रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करने वाली ट्रेनों में सभी प्रकार की पार्सल बुकिंग (आउटवर्ड लीज्ड एसएलआर/आउटवर्ड रेलवे पार्सल बुकिंग सहित) पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है। हिमांशु शेखर उपाध्याय मुख्य जनसंपर्क अधिकारी उत्तर रेलवे नई दिल्ली ने बताया कि यह प्रतिबंध 1 से 3 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगा। यह प्रतिबंध नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 6/7, 8/9 एवं 14/15, आनन्द विहार (ट.) के प्लेट-फार्म संख्या 2/3 से प्रस्थान करने वाली ट्रेनों पर लागू होगा। साथ ही अन्य मण्डलों से चलकर इन प्लेटफार्मों पर लोडिंग/अनलोडिंग के लिए रुकने वाली गुजरने वाली ट्रेनों पर भी उक्त अवधि में प्रतिबंध लागू रहेगा। यात्रियों का व्यक्तिगत सामान केवल यात्री डिब्बों में ले जाने की अनुमति होगी।

### स्थानीय बाजार में बिकेगा चंबा में निर्मित बंद बोतल मिनरल वॉटर

नई टिहरी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी चंबा ब्लॉक के कोट गांव की महिलाओं ने बोतल बंद मिनरल वाटर पैकेजिंग का व्यवसाय शुरू कर दिया है। कोट गांव की सोमगिरी महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने गांव के लालसी चेक में एनआरएलएम के सहयोग से वाटर फिल्टर प्लांट लगाया है। प्लांट में 200 एमएल, 500 एमएल और एक लीटर की सील बंद पैकिंग शुरू कर दी गई है। बीडीओ ने बताया कि वाटर प्लांट की लागत करीब 10 लाख रुपये आई है। इसकी क्षमता फिलहाल पांच हजार लीटर है। प्लांट की क्षमता एक मिनट में 10 बोतल तैयार करने की है। यह प्लांट पांच महिलाओं ने तैयार किया है। भविष्य में इससे करीब 50-60 महिलाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है। प्लांट लगाने के लिए महिला समूह ने कुछ पैसे जमा कर एनआरएलएम के सहयोग से बैंक में सीसीएल बनाकर ऋण लिया है। ग्राम विकास अधिकारी सुनील कलेठा और कुलदीप पंवार ने बताया गया कि आरओ प्लांट का बंद बोतल पानी बाजार और एनआरएलएम के अन्य समूह के आउटलेट से भी विक्रय किया जाएगा।

### अधिकारियों की सुरक्षा के बहाने जन आंदोलनों को दबाने की साजिश

देहरादून। सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए जारी नई एसओपी पर विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों ने तीखा हमला बोला है। गुरुवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) समेत विभिन्न संगठनों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर इस पर गंभीर आपत्तियां जताईं। विपक्षी संगठनों का कहना है कि सरकार कर्मचारियों की सुरक्षा के नाम पर लोकतांत्रिक आवाजों और जन आंदोलनों को कुचलने की तैयारी कर रही है। माकपा सचिव अनंत आकाश ने कहा कि प्रदेश में अधिकारियों पर हमले की जितनी भी घटनाएं हुई हैं, उनमें अधिकांशतः सत्ताधारी भाजपा के मंत्री, विधायक या प्रभावशाली नेता शामिल रहे हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि सरकार पहले अपने 'माननीयों' को नियंत्रित करने के बजाय जनता पर शिकंजा कस रही है। अक्सर देखा गया है कि सत्ता के दबाव में पीड़ित अधिकारियों पर ही फर्जी केस दर्ज कर मामलों में लीपापोती कर दी जाती है।

### नवाचार और तकनीक से सशक्त होंगे किसान

देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय 'कृषि कुंभ' का समापन हुआ। यह आयोजन किसानों, वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों के लिए नवाचार और ज्ञान साझा करने का एक सशक्त मंच साबित हुआ। समापन सत्र में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री गणेश जोशी और विशिष्ट अतिथि नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलांग के कुलपति प्रो. पीएस शुक्ला उपस्थित रहे। मेले में कृषि, बागवानी, जैविक उत्पाद, ड्रोन तकनीक और हस्तशिल्प के आकर्षक स्टॉल लगाए गए। मुख्य अतिथि ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करते हुए जैविक खेती, श्री अन्न (मिलेट्स) और डिजिटल मार्केटिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. शुक्ला ने कृषि और विज्ञान के समन्वय को देश की समृद्धि का आधार बताया। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष संजय बंसल, उपाध्यक्ष अमन बंसल, कुलपति डॉ. अजय कुमार और प्रति कुलपति डॉ. रितिका मेहरा ने इस आयोजन को समाज और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सार्थक पहल बताया। स्कूल ऑफ जर्नलिज्म की डीन डॉ. भावना गोयल ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

# मुख्यमंत्री ने किया 41.21 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जनपद टिहरी के घनसाली में 41.21 करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिसमें 13.43 करोड़ रूपए की 03 योजनाओं का लोकार्पण एवं 27.78 करोड़ रूपए की 05 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिलखी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उच्चीकरण किये जाने का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल हेतु भूमि दान करने वाले कृष्णा गैरोला एवं उनके परिवार को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन योजनाओं का शिलान्यास हो चुका है उनका कार्य रुकना नहीं चाहिए और उनका शीघ्र लोकार्पण भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रदेश सरकार पहाड़ों में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि इच्छाशक्ति हो तो संसाधनों की कमी भी दूर की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रूपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है तथा डीबीटी के माध्यम से योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंच रहा है। नंदा गौरा योजना के तहत बेटियों को 51 हजार रूपये की सहायता दी जा रही है। प्रदेश में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है और शीघ्र की घनसाली क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं व्यवस्थित की जाएंगी। मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण की गई योजनाओं में पीएमजीएसवाई की धमातोली से घनसाली अखोड़ी मोटर मार्ग वाया चांजी मोटर मार्ग अपग्रेडेशन, नागेश्वर सौड से गोना वाया सरकंडा मोटर मार्ग अपग्रेडेशन तथा विकासखंड भिलंगना के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज कोट विशन में भवन का पुनः निर्माण कार्य शामिल है। जबकि शिलान्यास की गई योजनाओं में विश्व बैंक द्वारा पोषित यू-प्रिपेयर योजना के अन्तर्गत घनसाली में हनुमान मन्दिर के समीप 50 मीटर इण्टरमीडियेट लेन स्टील गर्डर मोटर सेतु का निर्माण कार्य, विकास खण्ड भिलंगना के अन्तर्गत तहसील बालगंगा के अनावासीय भवन का निर्माण कार्य विकास खण्ड भिलंगना के अन्तर्गत तहसील बालगंगा के अवासीय भवन का निर्माण कार्य, विकासखण्ड भिलगना के गंगी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र गंगी का निर्माण कार्य तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिलखी का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उच्चीकरण का निर्माण कार्य शामिल है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल, एसएसपी आयुष अग्रवाल, सीडीओ वरुणा अग्रवाल, राज्यमंत्री (उपाध्यक्ष) हस्तशिल्प व हथकरघा वीरेंद्र दत्त सेमवाल, ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी, नगर पंचायत अध्यक्ष घनसाली आनंद बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष चमियाला गोविंद सिंह राणा, सीएमओ डॉ. श्याम विजय, अनुसूचित आयोग सदस्य सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

# रोजगार सृजन और ब्रांडिंग में सहकारिता की हैं अहम भूमिका: उनियाल

नई टिहरी। बादशाहीथौल बंगाचली में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण और ईको टूरिज्म थीम पर आधारित सात दिवसीय सहकारिता मेला पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ।

इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। संगठित प्रयासों से हम गांव–गांव में रोजगार के नए अवसर सृजित कर युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। फसलों और स्थानीय उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और प्रभावी मार्केटिंग में सहकारिता की अहम भूमिका हो सकती है। यदि हम मिलकर काम करें तो सहकारिता के जरिए गांवों की समृद्धि और किसानों की आय में वृद्धि संभव है। जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद रमोला ने कहा कि बीते करीब 9 साल में प्रदेश के सहकारी बैंकों का एनपीए घटा है। शुद्ध लाभ में 10 गुना बढ़ोत्तरी हुई। समापन अवसर पर नरेंद्रनगर ब्लॉक के किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों को बिना ब्याज ऋण के चेक बांटे गए। वेस्ट से बेस्ट के तहत प्लास्टिक से सजावटी सामान व फूलों से हर्बल रंग बनाने वाले उद्यमी संजय बहुगुणा को सम्मानित किया गया। लोक गायक विवेक नौटियाल, शिवानी नेगी और मुकेश हटवाल ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सहायक निबंधक रविंद्र मंद्रवाल और डीसीबी के महाप्रंधक राहुल गैरोला ने बैंक की ऋण योजनाओं और स्वरोजगार को लेकर जानकारी दी।

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को तरसे लोग

नई टिहरी। चारधाम यात्रा के प्रथम पड़ाव पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव का विस्तारीकरण न होने से क्षेत्रीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है। आठ माह पहले मुख्यमंत्री की ओर से अस्पताल के विस्तारीकरण की घोषणा अब तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। इससे पूर्व भी सीएचसी के विस्तारीकरण की कई बार घोषणाएं हो चुकी है। अगस्त में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव के विस्तारीकरण के लिए 43 करोड़ रुपये की घोषणा की गई थी इससे अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरण, सहित नए वार्ड बनाए जाने थे। स्थानीय भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री की घोषणा को क्षेत्र हित में तो बताया था लेकिन आठ माह बाद भी घोषणा के धरातल पर न उतरने से लोगों विपक्ष ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। जनपद के सबसे बड़े अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग, नेत्र, ईएनटी, फिजिशियन, बाल रोग विशेषज्ञों के पद रिक्त है, जिससे बीमार लोगों को ईलाज के लिए 150 किमी दूर देहरादून की दौड़ लगानी पड़ रही है। अस्पताल पर क्षेत्र के करीब 100 ग्राम पंचायतों की स्वास्थ्य की जिम्मेदारी है। 1958 में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का 1987 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकरण हुआ था। उत्तराखंड बनने के बाद भी अस्पताल में न तो विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हो पाई और न ही अस्पताल का उप जिला चिकित्सालय में उच्चीकरण हो पाया। कांग्रेस अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश इंदवाण का कहना है कि सरकार चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थित सीएचसी नौगांव की सुध नहीं ले रही है।

## युवती को मच्छी बाजार जैसा खौफनाक हाल करने की धमकी

देहरादून। युवती को मच्छी बाजार जैसी दिल दहला देने वाली वारदात दोहराने की धमकी का देने के मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी, उसकी बहन और दोस्त के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय में तहरीर दी। कहा कि आरोपी हरजीत सिंह के साथ न्यायालय में उनका एक पुराना केस चल रहा है। आरोप है कि बीते दिनों जब महिला कचहरी में अपने काम पर थी, तब हरजीत ने उसे देखकर अश्लील इशारे किए। इसका विरोध किया तो आरोपी ने सरेआम धमकी देते हुए कहा कि तेरा भी हाल मच्छी बाजार वाली लड़की की तरह करूंगा। आरोप है कि इस दौरान हरजीत की बहन भी मौजूद थी। जिस पर पूर्व में भी पीड़िता पर हमला करने का आरोप है। हाल में आरोपी ने अपने दोस्त तरनप्रीत सिंह के साथ मिलकर शहीद स्मारक के पास दोबारा धमकी दी और बाद में फोन कर डराने का भी प्रयास किया। मच्छी बाजार कांड जैसी किसी अनहोनी की आशंका से खौफजदा पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दी।

# बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा से लेकर रोजगार तक के लिए सरकार संकल्पबद्ध : धामी

## नंदा गौरा योजना के तहत 33 हजार से अधिक बेटियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से पहुंची राशि



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को नंदा गौरा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश की 33,251 बालिकाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से 1 अरब 45 करोड़ 93 लाख की धनराशि हस्तांतरित की।

मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में ने कहा कि जन्म के समय बेटा-बेटी के बीच होने वाले भेदभाव को समाप्त करते हुए, कन्या जन्म को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश सरकार नंदा गौरा योजना संचालित कर रही है। इसके तहत राज्य सरकार द्वारा बालिका के जन्म पर 11 हजार रुपए और बेटी के 12वीं पास करने पर उच्च शिक्षा के लिए 51 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत अब तक 3,77,784 बालिकाओं को कुल 1,68,49.00 रुपए की धनराशि जारी की जा चुकी है। कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों की उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन दे रही है, साथ ही शिक्षित होने के बाद रोजगार के लिए भी बेटियों को सरकारी सेवाओं में 30 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसके बाद अब सरकारी सेवाओं में उत्तराखंड की महिलाओं की स्थिति मजबूत हुई है, इससे सरकारी कार्यालयों की कार्य संस्कृति ज्यादा बेहतर हुई है। इस मौके पर विभागीय मंत्री श्रीमती रेखा आर्य ने कहा कि इस वर्ष लाभांवित होने वाली बालिकाओं में 5913, नवजात हैं, जबकि शेष 27338 को 12वीं पास करने पर यह धनराशि मिली है। इस मौके पर सचिव चंद्रेश कुमार, विभागीय निदेशक बंशीलाल राणा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए।

# श्री बद्रीनाथ कॉरिडोर विकास कार्यों में पारिस्थितिकी संतुलन हेतु वैज्ञानिक अध्ययन को मिला महत्व



देहरादून। भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा बद्रीनाथ कॉरिडोर डेवलपमेंट वर्क के अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों के दौरान आसपास की पारिस्थितिकी एवं इकोसिस्टम के संतुलन को बनाए रखने के संबंध में मुख्य सचिव आनंद बर्धन के समक्ष इसके वैज्ञानिक स्टडी का प्रस्तुतीकरण दिया गया।आईआईआरएस के वैज्ञानिकों द्वारा बद्रीनाथ क्षेत्र में विगत जनवरी माह में पारिस्थितिकी इकोसिस्टम पर आधारित वैज्ञानिक अध्ययन किया गया था। इसी अध्ययन के निष्कर्षों को आज मुख्य सचिव आनंद बर्धन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। यह सर्वेक्षण थर्मल रिमोट सेंसिंग तकनीक एवं जियो–फिजिकल सर्वेक्षण पर आधारित था, जिसके माध्यम से क्षेत्र की संवेदनशीलता, तापीय परिवर्तन तथा भू–भौतिकीय स्थितियों का विश्लेषण किया गया। मुख्य सचिव ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान समय में इस प्रकार के वैज्ञानिक अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में विकास कार्यों के साथ–साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां–जहां इस प्रकार के वैज्ञानिक अध्ययनों की आवश्यकता होगी, वहां उनका उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सर्वेक्षण के निष्कर्षों को आवश्यकता अनुसार सत्यापित कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में सचिव डी. एस. गब्रियाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पिटकुल एमडी में मामले में अवमानना याचिका दायर

देहरादून। पिटकुल एमडी प्रकाश चंद्र ध्यानी को हटाने के मामले में 18 फरवरी के न्यायालय के आदेश का पालन न करने के मामले में याचिकाकर्ता दीप्ति पोखरियाल की ओर से अवमानना याचिका दायर की गई है। गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता कर बताया कि कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर ली है और इसमें मुख्य सचिव, ऊर्जा सचिव व पिटकुल एमडी प्रकाश चंद्र ध्यानी को पक्षकार बनाया गया है।

वहीं, जन प्रहार संगठन की संयोजिका सुजाता पॉल एवं सह संयोजक पंकज सिंह क्षेत्री ने कहा कि ऊर्जा निगमों में प्रबंध निदेशक पद की पात्रता में संशोधन कर दिया गया है। आरोप है कि हाईकोर्ट द्वारा पिटकुल के एमडी प्रकाश चंद्र ध्यानी को तकनीकी योग्यता न होने पर पद से हटाने के आदेश दिए गए थे,

# शिशु नगरी मेला में दी नई शिक्षा नीति की जानकारी

नई टिहरी। नई शिक्षा नीति के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु नगरी मेला और वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने कई स्टॉल लगाए। जबकि वार्षिकोत्सव में छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यकम, देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य मंचन की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित शिशु नगरी मेले और वार्षिकोत्सव का शुभारंभ विधायक किशोर उपाध्याय ने किया। मेले में विद्यार्थियों ने चित्र पुस्तकालय प्रर्दशनी, विज्ञान प्रयोगशाला, वस्तु संग्रहालय, चिडयाघर का जीवंत प्रदर्शन, आदर्श घर बगीचा, कला शाला, कीडांगन तरणताल, आध्यात्मिक यज्ञ मंडप का प्रदर्शन, स्टाल्स छात्रों के द्वारा लगाई गई। इसके बाद वार्षिकोत्सव में छात्रों ने गढ़वाली गीत, देशभक्ति नाटकों समेत पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत स्वागत गीत और विभिन्न नृत्य कार्यक्रमों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। मुख्य अतिथि विधायक उपाध्याय ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कहा कि शिक्षा समाज की आधारशिला व जीवन का दर्पण है। उन्होंने छात्रों से लक्ष्य के अनुरूप अनुशासन एवं मेहनत के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य पूर्ण सिंह रावत ने विद्यालय की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष शोभनी धनोला, विनोद सुयाल, सुनील बडोनी, विजेंद्र सिंह धनोला, मनोहर लाल रंतूड़ी और ओम प्रकाश कोठारी आदि मौजूद थे।

# एआरटीओ कार्यालय में नौ मार्च से बदल जाएंगी पुरानी व्यवस्था

नई टिहरी। जिला मुख्यालय नई टिहरी के बौराड़ी में स्थित एआरटीओ कार्यालय में नौ मार्च से चार अलग–अलग काउंटर संचालित किए जाएंगे। नई व्यवस्था के तहत अब ड्राइविंग लाइसेंस शुल्क जमा करने, चालान शुल्क जमा करने, ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी आवेदन प्रक्रिया के लिए और बायोमीट्रिक प्रक्रिया के लिए अलग–अलग व्यवस्था बनाई जा रही है। अब तक एआरटीओ कार्यालय परिसर में मात्र दो काउंटर संचालित हो रहे थे। इन काउंटरों पर ड्राइविंग लाइसेंस शुल्क जमा करने, चालान शुल्क जमा करने, लाइसेंस संबंधी आवेदन और अन्य कार्य एक ही लाइन में होते थे। जिस कारण दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों व अन्य को घंटों तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता था। कई बार सर्वर में तकनीकी समस्या आने से काउंटर पर काफी भीड़ बढ़ जाती है। लोगों की बढ़ती संख्या और समस्या को ध्यान में रखते हुए अब कार्यालय में चार नए काउंटर बनाए गए हैं। जिनमे अब अलग–अलग कार्य के लिए पृथक–पृथक काउंटर की व्यवस्था की गई है। नई व्यवस्था के तहत अब लोगों को कार्यालय में अनावश्यक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। कर्मचारियों पर भी लाइन में लगे लोगों का दबाव भी कम रहेगा।

कार्यालय में लगातार बढ़ रही भीड़ और आवेदकों की समस्याओं को देखते हुए काउंटरों की संख्या बढ़ाई गई है। अब प्रत्येक कार्य के लिए अलग व्यवस्था की गई है ताकि लोगों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। नई व्यवस्था के तहत लोगों को सेवाएं सरल, सुगम और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएगी।

**—राजेंद्र विराटिया, एआरटीओ नई टिहरी**

## प्राथमिक विद्यालय परिसर में खंडहर भवन ध्वस्त करने की मांग

देहरादून। वाणी विहार स्थित वरिष्ठ नागरिक जन सेवा समिति ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय वाणी विहार अधोईवाला के खंडहर भवन को पूरी तरह ध्वस्त करने की मांग की है। समिति ने इस सम्बंध में डीएम को पत्र भेजकर कहा है कि इस परिसर में अस्थाई भवन बनाकर मंगला देवी जूनियर हाईस्कूल के नाम से विद्यालय स्थापित किया गया था। जिसमें कक्षा छह से आठ तक की कक्षाएं संचालित होती थी। यह भवन अब गिरासू श्रेणी का हो चुका है। कोविड काल से इसमें कक्षाएं भी संचालित नहीं हो रही। प्राथमिक पाठशाला के अध्ययरनरत छोटे छोटे बच्चे इस खतरनाक भवन के इर्दगिर्द खेलते हैं। जिससे उनकी जान को खतरा है। समिति अध्यक्ष हुकुम सिंह गड़िया, महासचिव पीतांबर दत्त लोहनी ने बताया कि क्षेत्रीय पार्षद ने भी जिला प्रशासन, मंगला देवी प्रबंधक कमेटी को खंडहर भवन को ध्वस्त कर मलबा ले जाने का निवेदन किया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

# हवालबाग विकासखंड में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित



अल्मोड़ा। हवालबाग विकासखंड सभागार में गुरुवार को होली मिलन कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने पारंपरिक होली गीतों, नृत्य और वादन के साथ पर्व का आनंद लिया। ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पारंपरिक कुमाऊंनी और होली गीतों की प्रस्तुति से सभागार का वातावरण उत्सवमय बना रहा। प्रतिभागियों ने 'सिद्धि को दाता विघ्न विनाशक', 'होली खेले गिरजापति नंदन', 'जल कैसे भरूं जमुना गहरी', 'जोगी आयो शहर में व्यापारी' जैसे गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं 'रंग बरसे' समेत अन्य लोकप्रिय होली गीतों पर भी लोग झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी सौहार्द और खुशियों का प्रतीक है और सभी के जीवन में ऐसे ही रंग भरे रहें।

# हवालबाग में क्षेत्र पंचायत की बैठक का बहिष्कार



अल्मोड़ा। हवालबाग विकासखंड में आयोजित क्षेत्र पंचायत की प्रथम बैठक जनप्रतिनिधियों के विरोध के चलते नहीं हो सकी। निर्धारित समय सुबह 11 बजे बैठक शुरू होनी थी, लेकिन दोपहर 12 बजे तक मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, एडीएम, उप जिलाधिकारी और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी बैठक में नहीं पहुंचे। इससे नाराज जनप्रतिनिधियों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। अधिकारियों की अनुपस्थिति से आक्रोशित जनप्रतिनिधियों ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि क्षेत्र पंचायत की बैठकें लंबे अंतराल के बाद आयोजित होती हैं, ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों का अनुपस्थित रहना विकास कार्यों को प्रभावित करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि 15 दिन के भीतर सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए पुनः बैठक आयोजित नहीं की गई तो ब्लॉक कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी और पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा। साथ ही ग्राम पंचायतों में विकास कार्य भी रोकने की बात कही गई। ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू ने सदन में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई।

# संयुक्त सचिव ने किया बीरपुर केवी और नवोदय विद्यालय का निरीक्षण

देहरादून। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव महेंद्र कुमार ने गुरुवार को देहरादून के दो प्रमुख पीएम श्री स्कूलों केन्द्रीय विद्यालय बीरपुर और राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूरखेड़ा का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे संयुक्त सचिव ने पीएम श्री योजना के तहत हो रहे आधुनिक सुधारों, शैक्षणिक गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं का मूल्यांकन किया। पीएमश्री राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में छात्र–छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यालय में उपलब्ध स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी और आधुनिक प्रयोगशालाओं की उपयोगिता को प्रभावी ढंग से दर्शाया। प्राचार्य डॉ. सुनीता भट्ट और पीएम प्रभारी डॉ. जयेन्द्र कठैत ने विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। संयुक्त सचिव ने विद्यालय के अनुशासन और नवाचार आधारित शिक्षण प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। वहीं, केन्द्रीय विद्यालय बीरपुर पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स ने 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर और बैंड दल ने ओजस्वी धुनों के साथ अतिथियों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान महेंद्र कुमार ने 'पीएम श्री नवाचार और कौशल प्रयोगशाला' का उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यालय के गणित एवं विज्ञान पार्क का भी अवलोकन किया, जहाँ छात्रों ने प्रयोगों के जरिए कठिन सिद्धांतों को समझाया। प्राचार्य बसंती खंपा ने अतिथियों का 'हरित स्वागत' किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत कठपुतली शो और देशभक्ति कविताओं की अधिकारियों ने खूब सराहना की।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com